



# तरुण छत्तीसगढ़


e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 35 अंक 268 | कोरबा, शुक्रवार, दिनांक 28 जून 2024 डाक 29 जून 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए




**विविधा**

नई दिल्ली में 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान संसद भवन में टीएमसी सांसद महुआ और भाजपा सांसद साक्षी महाराज



**देश-विदेश**

आइसक्रीम में इंसानी अंगूली मामले में हुआ खुलासा, मशीन ऑपरेटर का ही था अंगूठे का टुकड़ा



**फीचर पेज**

खाते वक्त बंद कर दें अपना फोन वरना शरीर में आ सकती हैं कई खतरनाक बीमारियां




# राहुल गांधी ने उठाई लोकसभा में नीट पर चर्चा की मांग, राज्यसभा में भी हंगामा



**नईदिल्ली, 28 जून [एजेंसी]।**

नीट परीक्षा में धांधली का मुद्दा संसद पर पहुंच गया है। शुक्रवार को विपक्ष ने इस पर चर्चा की मांग की और हंगामा किया। इस कारण लोकसभा की कार्यवाही स्थगित करना पड़ी। लोकसभा में अभी राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा होना है। कार्यवाही शुरू होते ही राहुल गांधी ने बोलना शुरू किया और मांग की कि पेपर लीक पर चर्चा हो। स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान भी माननीय सदस्य इस मुद्दे पर बोल सकते हैं, लेकिन विपक्ष नहीं माना। शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले कांग्रेस सांसद और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि संसद में पेपर लीक पर बात होना चाहिए। इससे पहले गुरुवार को हुई बैठक में विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए ने फैसला किया है कि नीट परीक्षा धांधली मामले में दोनों सदनों में कार्यस्थगन प्रस्ताव लाया जाए। राज्यसभा में नेता विपक्ष और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में विपक्षी दलों की बैठक हुई। इसमें विपक्ष के सभी नेताओं ने माना कि नीट परीक्षा धांधली मामला बहुत ही गंभीर मुद्दा है, जिससे छात्रों का जीवन खतरे में पड़ गया है। ऐसे में एक मजबूत विपक्ष होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि सरकार को कठघरे में खड़ा किया जाए। यह सरकार की विफलता है, इसलिए उसको जवाब देना चाहिए। विपक्ष केवल नीट के मामले के सहारे सरकार को नहीं घेरेगा। वह बेरोजगारी, महंगाई, राज्यों के वित्तीय अधिकारों पर हमला, सीबीआई, ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों का विपक्ष के खिलाफ दुरुपयोग सहित कई मुद्दे उठाएगा।

कांग्रेस अध्यक्ष के सरकारी आवास पर एकजुट हुए विपक्षी नेताओं के बीच लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि नीट मामला बहुत ही गंभीर है। यह हमारे लाखों का छात्रों के भविष्य से जुड़ा मुद्दा है। ऐसे में सरकार को किसी भी कीमत पर इसकी जिम्मेदारी से भागने नहीं दे सकते हैं। उनकी जिम्मेदारी तय करनी होगी। राहुल गांधी के विचार से द्रमुक, समाजवादी, तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना यूबीटी ने सहमति जताई।

## सब्जी वाहन में मिला गांजे का भंडार, कीमत 25 लाख रुपए

**रायगढ़ ।** पुलिस ने भटली के पास वाहन को पकड़ा जानकारी के मुताबिक सरिया पुलिस नियमित जांच के सिलसिले में थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही थी। इस बीच भटली चौक में गोभी सब्जी के आड़ में एक युवक ने उड़ीसा से गांजा तस्करी करते समय सरिया पुलिस के हत्थे चढ़ा। पुलिस को देखते ही आरोपित युवक गाड़ी छोड़कर भागने का प्रयास किया। लेकिन सरिया पुलिस ने धर दबोचा। सरिया थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने बताया कि ओडिसा से माजदा मेटाडोर गाड़ी में सब्जी के आड़ में करीब ढाई क्विंटल गांजा लाते समय पकड़ा गया है। आरोपित युवक मध्य प्रदेश के दमोह जिले का बताया जा रहा है। पूछताछ में उन्होंने बताया कि ओड़िसा से गांजा ला रहा था । और मध्य प्रदेश में ले जा रहा था। माजदा गाड़ी बिलासपुर का बताया जा रहा है।

## नीट पेपर लीक मामला: सीबीआई के रडार पर सॉल्वर गिरोह के 33 सदस्य, होगी पूछताछ

**वाराणसी।** नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के रडार पर पूर्वांचल, बिहार, झारखंड, त्रिपुरा और कर्नाटक के सॉल्वर गिरोह के 33 सदस्य हैं। सभी 2021 में नीट में फर्जीवाड़े के प्रयास के आरोप में सारनाथ थाने में दर्ज मुकदमे के आरोपी हैं। इस बार हुए फर्जीवाड़े के संबंध में इन 33 आरोपियों से पूछताछ कर सीबीआई सॉल्वर गिरोह की तह तक पहुंचने का प्रयास करेगी। आईएमएस बीएचयू के दंत चिकित्सा विज्ञान संकाय की बीडीएस की छात्रा रही पटना की जूली कुमारी को 12 सितंबर 2021 को नीट परीक्षा के दौरान सारनाथ के एक केंद्र से गिरफ्तार किया गया था। वह त्रिपुरा की रहने वाली हिना विश्वास की जगह परीक्षा देते पकड़ी गई थी।

इसके बाद 48 आरोपियों का नाम आया था। अहम सूत्रधार मिर्जापुर के चुनार थाना के कैलहट के डॉ. शरद सिंह पटेल को 22 अप्रैल 2024 को एसटीएफ ने आरओ/एआरओ (प्रारंभिक) परीक्षा-2023 का पेपर लीक कराने के आरोप में गिरफ्तार किया था। डॉ. शरद और साथी हरियाणा का रवि अत्री इससे पहले भी मेडिकल प्रवेश परीक्षा में धांधली के मामले में आरोपी रहे हैं। अफसरों का कहना है कि सीबीआई जल्द ही डॉ. शरद और रवी से अदालत की अनुमति से पूछताछ कर सकती है।

# झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**नईदिल्ली, 28 जून [एजेंसी]।**



झारखंड उच्च न्यायालय ने भूमि घोटाला मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमानत दी। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। जमीन घोटाले में पिछले कई महीनों से जेल में बंद हेमंत सोरेन को जमानत दे दी गई है। अदालत ने 13 जून को सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर कहा गया था कि हेमंत सोरेन ने अनधिकृत रूप से बड़गाई अंचल के 8.86 एकड़ जमीन पर कब्जा किया है। यह पीएमएलए एक्ट में निहित प्रविधानों के तहत मनी लाउंड्रिंग है।

ईडी ने कहा था कि हेमंत सोरेन प्रभावशाली व्यक्ति हैं। जमानत मिलने पर जांच को बाधित करने का प्रयास कर सकते हैं। उन्हें जमानत की सुविधा नहीं दी जाए। हेमंत सोरेन की ओर से इन आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा गया था कि यह मनी लाउंड्रिंग नहीं, बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध का मामला है। केंद्र ईडी का दुरुपयोग कर रहा है।

# भक्ति के रंग, बम-बम भोले के संग : बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए पहला जत्था रवाना, एलजी ने दिखाई हरी झंडी

- काली माता मंदिर के पास श्रद्धालुओं के लिए भव्य व्यवस्था।
- श्रद्धालुओं के स्वागत में बच्चों ने प्रस्तुत किया शिव तांडव नृत्य।

**जम्मू, 28 जून [एजेंसी]।**



बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का पहला जत्था आज रवाना हो गया है। अमरनाथ की यात्रा पर जाने से पहले श्रद्धालुओं ने बम-बम भोले का जयघोष किया। परेड ग्राउंड से साधुओं का जत्था बसों में सवार होकर बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुए। यह जत्था भगवती नगर यात्री निवास से आने वाले मुख्य जत्थे के साथ मिल जाएगा। 6 बसों में सवार होकर तरीबन 250 साधु बाबा परेड ग्राउंड से बाबा अमरनाथ यात्रा पर रवाना हुए। परेड से श्रद्धालु और साधु रवाना हो गए। बाबा अमरनाथ यात्रा के पहले जत्थे के लिए परेड ग्राउंड से बसों में सवार होते साधु। यात्रा पर निकलने का इंतजार करते हुए भगवती नगर में श्रद्धालु। यात्रा पर जाने को तैयार शिव भक्त।

हरियाणा के रोहतक से आए साधु फकीर नाथ बाबा अमरनाथ यात्रा पर रवाना होते हुए। बाबा अमरनाथ की यात्रा पर जाने से पहले बम बम भोले के जय घोष करते श्रद्धालु। हिमाचल प्रदेश से आई साध्वी पूर्णिमा प्रधान प्रेड ग्राउंड सेव बाबा अमरनाथ यात्रा पर रवाना होते हुए। वह पिछले 12 सालों से बाबा अमरनाथ यात्रा पर जा रही हैं। परेड ग्राउंड से साधुओं का जत्था बसों में सवार होकर बाबा अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होते हुए। यह जत्था भगवती नगर यात्री निवास से आने वाले मुख्य जत्थे के साथ मिल जाएगा। 6 बसों में सवार होकर तरीबन 250 साधु बाबा परेड ग्राउंड से बाबा अमरनाथ यात्रा पर रवाना हुए। इसमें 90 साधु बालटाल मार्ग से यात्रा पर जाएंगे।

# अघोरी बाबा को आया अर्धनारीश्वरी बनने का सपना केदारनाथ से इंदौर आकर करवाया लिंग परिवर्तन

**27 वर्षीय शख्स की कार का डेकोरेशन देख रह जाएंगे हैरान**



**इंदौर, 28 जून [एजेंसी]।**

केदारनाथ से अकेले कार से इंदौर आकर 27 वर्षीय अघोरी बाबा ने लिंग परिवर्तन करवाया है। शहर के निजी अस्पताल में उनकी सर्जरी हुई, जो करीब पांच घंटे तक चली। वे मूलरूप से दक्षिण भारत के रहने वाले हैं। सर्जरी के बाद वे बेहोशी की हालत में हैं। इसलिए उनसे बात नहीं हो पाई है।

बाबा की सर्जरी प्लास्टिक कॉस्मेटिक एंड रिकंस्ट्रक्टिव सर्जन डॉ. अश्विनी दाश ने की है। इंटरनेट मीडिया पर उनकी कार के फोटो भी बहुप्रसारित होते रहे। कार में चारों तरफ उनके फोटो और अर्धनारीश्वरी लिखा हुआ है। साथ की कार के अंदर नजारा डरावना है। कार के अंदर मानव खोपड़ियां रखी हुई हैं। कई लोग कार को देखने के लिए अस्पताल पहुंचे। कार में माला और कई सामग्री भी रखी हुई है।

जानकारी अनुसार बाबा मूलरूप से दक्षिण भारत के रहने वाले हैं, लेकिन परिवार को त्यागने के बाद अब वे पहाड़ों के साथ मंदिर और आश्रम में रहते हैं। पिता ने मैदान में दी थी प्रतिद्वंद्वियों को पटकनी तो बेटी सिस्टम से भिड़ गई। उन्होंने सर्जरी से पहले बताया था कि करीब एक साल पहले उन्हें अर्धनारीश्वरी बनने का सपना आया था। पूर्व में चेन्नई में भी इसी संबंध में एक सर्जरी हो चुकी है। डॉक्टरों ने फीमेल जेनिटल बनाया और ब्रेस्ट इम्प्लांट डाले। अब करीब पांच दिन डॉक्टरों की निगरानी में उन्हें रखा जाएगा।

**कर्नाटक में खड़े ट्रक से टकराई बस**

# 13 लोगों की मौत तीर्थयात्रा से लौट रहे थे लोग

**हावेरी (कर्नाटक)।** कर्नाटक के हावेरी जिले के ब्यादगी तालुक में शुक्रवार तड़के एक वैन की खड़े ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में कम से कम 13 लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित शिवमोगा के रहने वाले थे और देवी यल्लम्मा के दर्शन के लिए तीर्थयात्रा के बाद बेलगावी जिले के सवादट्टी से लौट रहे थे। पुलिस ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि ऐसा लगता है कि बस के चालक को नींद आ गई थी, जिसके कारण यह दुर्घटना हुई। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार सुबह ब्यादगी तालुक के गुंडेनहल्ली क्रॉस पर वैन और लॉरी के बीच टक्कर होने से 13 लोगों की मौत हो गई। इस दौरान चार अन्य घायल हो गए। दुर्घटना सुबह करीब 3.45 बजे हुई। पुलिस के मुताबिक, वैन ने सड़क के किनारे खड़ी लॉरी को टक्कर मार दी। लॉरी हावेरी जिले के ब्यादगी में राष्ट्रीय राजमार्ग 48 के किनारे खड़ी थी। वैन में कुल 17 लोग सवार थे। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इनमें से 11 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

# राष्ट्रपति चुनाव की पहली बहस में भिड़े बाइडन-ट्रंप, जमकर हुई गाली-गलौज



**वाशिंगटन, 28 जून [एजेंसी]।**

आगामी 5 नवंबर को होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए राष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडन और पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के बीच पहली डिबेट (बहस) हुई। इस बहस पर अमेरिका के साथ ही पूरी दुनिया की नजर रही। इस बहस में बाइडन मतदाताओं को यह समझाने की कोशिश करते दिखे कि 81 साल की उम्र में भी वे फिर से संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति बनने और देश को चुनौतियों से उबारने में सक्षम हैं, वहीं 78 वर्षीय ट्रम्प इस अवसर का उपयोग लोगों को यह समझाने के लिए किया कि वे आपराधिक मामले में उनकी सजा से परे देखें और देश के लिए उनकी योजनाओं को देखें,जिसमें अर्थव्यवस्था भी शामिल है। हालांकि पहली बहस के दौरान खासी गरमा-गरमी देखने को मिली और इस दौरान दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ अमर्यादित भाषा का भी इस्तेमाल किया। दोनों नेताओं के बीच यह बहस अटलांटा में एक मीडिया चैनल के मुख्यालय में हुई। ट्रम्प और बाइडन ने अपनी शुरुआती बातचीत में अर्थव्यवस्था पर बहस की, जिसमें दोनों नेताओं ने मुद्रास्फीति, नौकरियों और कर नीति को लेकर एक दूसरे पर हमला बोला। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि बहस के पहले आधे घंटे में बाइडन थोड़े नर्वस दिखाई दिए, वहीं ट्रंप ऊर्जा से भरे हुए थे, लेकिन उन्होंने अपने जवाबों में झूठ का भी सहारा लिया।

# नियोजित शिक्षकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका कहा- नौकरी छोड़िए या सक्षमता की परीक्षा दीजिए



**नईदिल्ली, 28 जून [एजेंसी]।**

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले नियोजित शिक्षकों को बड़ा झटका देते हुए स्पष्ट किया कि सरकार के नियमों के अनुसार नियोजित शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा देनी होगी। यदि वे नियमों के अनुसार नहीं चलते हैं तो उन्हें नौकरी छोड़ देनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना एवं जस्टिस उज्जल भूयान की वैकेशन बेंच ने गुरुवार को परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ और बिहार प्रारंभिक शिक्षक संघ की याचिका को निरस्त करते हुए यह निर्णय सुनाया। सुप्रीम कोर्ट के जज ने कहा कि या तो आपलोग नौकरी छोड़ दीजिए या नहीं तो फिर सक्षमता परीक्षा पास करिए। प्रारंभिक शिक्षक संघों द्वारा सक्षमता परीक्षा को रद्द करने की मांग की गई थी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले अप्रैल में पटना हाई कोर्ट के भी याचिकाकर्ताओं की इस तरह की मांग निरस्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय से बिहार के लगभग चार लाख नियोजित शिक्षकों को बड़ा झटका लगा है। नई शिक्षक नियमावली के अनुसार, नियोजित शिक्षकों को अगर राज्यकर्मी का दर्जा प्राप्त करना है तो उन्हें सक्षमता परीक्षा पास करनी होगी, जिसके लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति (बीएसईबी) की ओर से सक्षमता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

## सीएम योगी ने ओपी राजभर को तलब कर जताई नाराजगी, विधायक बेदी राम की मुश्किलें बढ़ना तय



**लखनऊ 28 जून।** पेपर लीक में एनडीए के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक बेदी राम का नाम आने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को तलब किया। योगी आदित्यनाथ कार्यालय की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर तस्वीर साझा करते हुए मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया, लेकिन सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री ने बेदी राम के सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को बेहद गंभीरता से लेते हुए राजभर से कड़ी नाराजगी जताई।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


# आईजीआई एयरपोर्ट के टी 1 टर्मिनल की छत टूटने से एक की मौत 8 घायल, कई उड़ानें प्रभावित, नागरिक उड्डयन मंत्री ने किया दौरा

**नईदिल्ली, 28 जून [एजेंसी]।**



राजधानी दिल्ली में बीती रात और शुक्रवार सुबह भारी बारिश हुई। इससे कई इलाके जलमग्न हो गए। कई स्थानों पर कारें पानी में डूबी नजर आई। वहीं दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 पर छत का एक हिस्सा ढहने से 8 लोग घायल हो गए। 1 की मौत की सूचना है। यहां कुछ कारों को भी नुकसान पहुंचा है। एनडीआरएफ के अधिकारी दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर मौजूद हैं। हादसे के बाद टर्मिनल-1 से आने-जाने फ्लाइट्स को रद्द करना पड़ा है।

डीजीसीए के अनुसार, एयरलाइंस को सलाह दी गई है कि वे यात्रियों को वैकल्पिक उड़ानों से उनके गंतव्य तक पहुंचाएं या नियमों के तहत किराए की पूरी राशि रिफंड करें। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापू राम मोहन नायडू ने एक्स पोस्ट पर लिखा कि वे स्थिति पर नजर रखे हुए हैं। फायर सर्विस के अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े पांच बजे दिल्ली एयरपोर्ट टर्मिनल-1 की छत गिरने की सूचना मिली। आपात स्थिति से निपटने के लिए चार दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। इसी तरह, जलजमाव के बाद द्वारका सेक्टर 25 मेट्रो स्टेशन को बंद कर दिया गया है। मौसम विभाग ने अनुमान लगाया था कि 29 या 30 जून को दिल्ली में मानसून की एंट्री हो जाएगी। कहा जा रहा है कि बीती रात मानसून ने चुपके से दिल्ली में एंट्री मारी। अब 3 जुलाई तक भारी बारिश का अनुमान लगाया गया है। इसके बाद से बीती रात और आज सुबह हुई भारी बारिश ने राष्ट्रीय राजधानी में व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी।

जगह-जगह पानी भरने से लोग परेशान होते रहे। खासतौर पर फ्लाईओवर के नीचे वाले हिस्सों में काफी पानी भर गया। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून ने देश के बड़े हिस्से को कवर कर लिया है। यूपी समेत उत्तर भारत के बड़े हिस्सा के साथ ही बिहार और पंजाब तक बारिश का क्रम शुरू हो गया है। कहीं-कहीं भारी बारिश भी हो रही है।

# एसईसीएल की चार कोयला खदानें संचालित होगी आउटसोर्सिंग माडल से

कोरबा। रेवेन्यू शेवरिंग व एमडीओ मोड से संचालित कोयला खदानों की संख्या बढ़ेगी। इस आउटसोर्सिंग मॉडल से कोल इंडिया की सहयोगी कंपनियों की उन बंद माइंस को निजी कंपनियों को सौंपेंगे, जिसे घाटे के कारण या अन्य वजह से आगे कोयला खनन को लेकर पर्यावरण क्लीयरेंस की अनुमति नहीं ली है। एसईसीएल की चार कोयला खदान को भी आउटसोर्सिंग मॉडल से संचालन में शामिल किया है। इधर, कैप्टिव व कमर्शियल माईनिंग से नार कोल ब्लॉक आवंटित किए जाएगे। कोयला खनन में कमर्शियल माइनिंग की शुरुआत से कोल इंडिया का एकाधिकार खत्म हुआ तो बिजली उत्पादन करने वाली कंपनियों ने भी कोयला खनन करने कोल ब्लॉक लेने में रुचि दिखाई।

मगर इस बीच पर्यावरण क्लीयरेंस बाधा में कई कंपनियों ने आवंटित कोल ब्लॉक को लौटाने का भी मामला सामने आया। हालांकि वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान कैप्टिव व वाणिज्यिक माइंस का सामूहिक कोयला उत्पादन 10 करोड़ टन को पार कर गया है। इसे अगले दो साल में 20 करोड़ टन कोयला उत्पादन पर ध्यान केन्द्रित किया है। इन सबके बीच आउटसोर्सिंग मॉडल से कोयला उद्योग में निजीकरण का नया दौर शुरू हुआ। रेवेन्यू शेयरिंग व एमडीओ मोड से कोल इंडिया की सहयोगी कोयला कंपनियों की खदा?नें निजी हाथों में दी गई। अब इस मोड से संचालित कोयला खदानों की संख्या बढ़ेगी। जानकारी के अनुसार कोल माइनिंग की सबसे बड़ी कंपनी कोल इंडिया ने 34 माइंस की पहचान की थी, जिनमें बेहतर क्वालिटी का कोयला होने से विभिन्न उद्योगों में मांग भी है और पर्यावरण क्लीयरेंस की अनुमति नहीं मिलने या अन्य वजह से कोयले का खनन नहीं हो पा रहा है। इनमें से 23 खदानें निजी हाथों में देकर कोयले का खनन होगा। इसमें एसईसीएल की चार कोल माइंस भी शामिल होने की जानकारी सामने आई है। हालांकि इस संबंध में चर्चा करने पर एसईसीएल के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. सनीष चंद्र ने सूची का अवलोकन करने के बाद ही कुछ कह पाने की बात कही।

20 से 25 साल के लिए खनन का अधिकार दे रहे

कोल इंडिया की सहयोगी कंपनियों की अघोषित रूप से बंद पड़ी खदानों को 20 से 25 साल के लिए निजी कंपनियों को खनन का अधिकार दिया जा रहा है। ताकि कोयले को बाहर निकाला जा सके। दूसरी ओर नियमित कर्मचारियों के रिटायर होने से संख्या घटी है। एमडीओ मोड से संचालित खदानों में निजी कंपनी को कोयला खनन कर देना होता है, इसमें बिक्री का अधिकार नहीं होता है। जबकि रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल में लाभांश की हिस्सेदारी तय कर दी जाती है।



## तनाव दे रहा असाध्य रोगों को जन्म:बी.मोहन

कोरबा। दिनांक 26.6.2024 को शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय, कोरबा (छ.ग) में क्रीड़ा विभाग एवं आई.क्यू.ए.सी. के संयुक्त तत्वाधान में मुद्रा थैरेपी स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम के मुख्य सलाहकार एवं वक्ता बी.मोहन कुमार ने कहा कि हमारा समय बहुत तनाव भरा है। सभी तनाव से ग्रस्त हैं और यह अनेक असाध्य रोगों को जन्म दे रहा है और ना ही हमारे खान-पान की आदतें सुधर रही हैं और ना ही हमारे पास पर्याप्त व्यायाम के लिए ही समय है । ऐसे में मुद्रा चिकित्सा इसका एक बेहतर विकल्प हो सकता है । मुद्रा थैरेपी की उपयोगिता बताते हुए कहां कि मुद्रा का उद्देश्य जीवन के तत्वों को संतुलित करना है । यह मुद्रा रक्त परिसंचरण में सुधार, रक्तचाप को कम करने, बेहतर दृष्टि , बेहतर पाचन, स्वास्थ्य और मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली में मदद करती है।

कार्यक्रम का संचालन कर रही क्रीड़ा अधिकारी अनिमा तिर्की ने कार्यक्रम का संचालन किया एवं मंच पर उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.राजेंद्र सिंह वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ.तारा शर्मा का पुष्प कुछ देकर स्वागत किया मुख्य अतिथि का स्वागत एन.एस.एस प्रभारी श्रीमती वर्षा सिंह तंवर द्वारा किया गया एवं एवं कार्यक्रम के अंतिम कड़ी में आइक्यूएसी प्रभारी श्रीमती अमित सक्सेना ने आभार व्यक्त कर कार्यक्रम को अंतिम रूप देकर समापन किया।

## सिविल लाइन थाना प्रभारी होंगे निरीक्षक दुर्गेश वर्मा

कोरबा । कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्दार्थ तिवारी ने दुर्गेश वर्मा को सिविल लाइन थाना का थानेदार बनाया है। और एसआई पोया को उसी थाने का सब इंस्पेक्टर बनाया है।

शहर के हॉट ऑफ थाना सिविल लाइन सब इंस्पेक्टर के भरोसे चल रहा था। थाना क्षेत्र में होने वाली घटनाओं के मद्देनजर क्षेत्र सेंसेटिव होने की वजह से पुलिस अधीक्षक ने सब इंस्पेक्टर श्री पोया को हटाकर निरीक्षक दुर्गेश वर्मा को थानेदार बनाया है। लोकसभा चुनाव से पहले दुर्गेश वर्मा का तबादला कोरबा हुआ था। अचार सहिंता लगने के कारण दुर्गेश वर्मा कोरबा ज्वाइनिंग नही कर पाए थे।

## 14 खंभों को क्षतिग्रस्त कर तार ले गए अज्ञात चोर

कोरबा। कोरबा जिलान्तर्गत हरदीबाजार क्षेत्र में अज्ञात चोर 14 बिजली के खंभों को क्षतिग्रस्त कर बिजली तार काटकर ले गए। इससे नई लाइन से बिजली सप्लाई की तैयारी अधर में अटक गई। चोरों की करतूत से बिजली वितरण कंपनी को आर्थिक नुकसान हुआ है। चोरों के बिजली तार काटकर ले जाने की हरदीबाजार थाने में सूचना दी गयी है। क्षेत्र के उपभोक्ताओं को पावरकट से निजात दिलाने नई लाइन खींची गई थी और बोईदा उपकेन्द्र के 11केवी उतरदा फीडर से सप्लाई देने की तैयारी थी।

गर्मी में हरदीबाजार क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं की बार-बार पावरकट से परेशानी बनी रही। मानसून में भी निर्बाध बिजली आपूर्ति चुनौती रहती है। बोईदा सब स्टेशन से बिजली सप्लाई वाले गांवों के बिजली उपभोक्ताओं को पावरकट से निजात दिलाने एक अलग फीडर से उतरदा सहित अन्य गांवों को बिजली सप्लाई देने की योजना थी। बिजली खंभे लगाने के बाद तार खींचकर नई लाइन से बिजली सप्लाई की तैयारी थी। मगर इसके पहले अज्ञात चोरों ने 14 खंभों को क्षतिग्रस्त कर तार की चोरी कर ली। इससे अब नई लाइन से सप्लाई में देरी होगी। क्षतिग्रस्त खंभे की जगह नए खंभे लगाने होंगे। हस्दीबाजार थाना में बिजली तार चोरी कर ले जाने की वितरण कंपनी ने सूचना दे दी है।

## अधिवक्ता परिषद के प्रदेश महामंत्री धर्मेश श्रीवास्तव पहुंचे कोरबा हुआ स्वागत

कोरबा। अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री धर्मेश श्रीवास्तव का आज एक संक्षिप्त प्रवास पर कोरबा आगमन हुआ।



इस दौरान अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की कोरबा इकाई द्वारा आज दिनांक 27जून को अधिवक्ता भवन कोरबा में एक परिचयात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

कोरबा इकाई के सदस्यों द्वारा पुष्प हार व पुष्प गुच्छ भेंट कर श्री श्रीवास्तव का सम्मान किया गया तथा परिषद के विस्तार पर चर्चा की गई। इस दौरान परिषद के सदस्यों को श्री श्रीवास्तव ने परिषद के गठन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका उद्देश्य एक ऐसी न्यायिक प्रणाली के लिए काम करना है जो राष्ट्र की प्रतिभा के साथ सामंजस्य में हो उन्होंने समाज के अंतिम छोर तक परिषद के कार्य करने की मंशा को लेकर बताया कि लक्षित लोगों/समुदाय के दरवाजे पर विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन करना ताकि उन्हें देश के नागरिक के रूप में उनके व्यक्तिगत अधिकारों या सामूहिक अधिकारों के बारे में जागरूक किया जा सके।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनीष कुमार सक्सेना, राजकुमार अज्ञेय, रामवल्लभ पांडे, मंगलचंद देवांगन, अमरनाथ कौशिक, रामकुमार यादव, प्रेमलता राठौर, श्रीमती संध्या सिंग उपस्थित थे। इसके साथ ही धर्मेश श्रीवास्तव ने वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक तिवारी, रविंद्र पाराशर, दिनेश सिंग, हेमंत गौतम, मंजीत अस्थाना, उत्पल अग्रवाल, जयप्रकाश गिलहरे, मनोज राठौर, उत्तरा राठौर से सौजन्य भेंट की।

## विधिक सेवा प्रदाय किये जाने हेतु पैरालीगल वॉलिण्टियर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन

कोरबा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के प्लॉन ऑफ एक्शन में एक दिवसीय पैरालीगल वॉलिंटियर का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना अनुदेशित है, उक्त परिपालन में माननीय अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश श्री सत्येन्द्र कुमार साहू, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के अध्यक्षता में दिनांक 27.06.2024 को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कर, कोरबा जिले के जिला एवं तालुका स्तर के समस्त पैरालीगल वॉलिंटियरों की समीक्षा बैठक आहूत की गई।



उक्त समीक्षा बैठक में माननीय श्री सत्येंद्र कुमार साहू, अध्यक्ष महोदय के द्वारा पैरालीगल वालीण्टियर्स के कार्य एवं उनके कार्यक्षेत्र के संबंध में आ रही समस्याओं के संबंध में विस्तार से जानकारी लेते हुए उपस्थित समस्त पैरालीगल वॉलिंटियर को निर्देशित करते हुए कहा कि माननीय उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के द्वारा आयोजित किए जा रहे विशेष लोक अदालत दिनांक 29 जुलाई 2024 से 03 अगस्त 2024 का जिला एवं तालुका स्तर पर अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाए तथा दिनांक 13 जुलाई 2024 को राष्ट्र स्तर पर आयोजन किये जा रहे नेशनल लोक अदालत का जिला एवं तालुक स्तर के समस्त पिछड़े ग्रामों, दुर्गम स्थलों में प्रचार-प्रसार किया जा कर आमजनों को उक्त नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ लिए जाने हेतु प्रेरित करें।कु0 डिम्पल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा पैरालीगल वॉलिंटियर को निर्देशित करते हुए कहा की समस्त पैरालीगल वॉलिंटियर नालसा के प्लॉन ऑफ एक्शन 2024-25 में दिए गए दिशा-निर्देशों का अक्षरसह पालन करते हुए समस्त विधिक गतिविधियां जैसे नालसा के समस्त 11 योजनाओं का आमजनों के बीच विधिक जागरूकता शिविर तथा विधिक जानकारी निहित पाम्पलेटों के माध्यम से जागरूकता लाना, बच्चों तथा वरिष्ठजनों के अधिकारों के संबंध में जागरूकता हेतु वृद्धाश्रम तथा विद्यालयों में जाकर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन कर जारूकता का आयोजन करें तथा उक्त संबंध में की गई कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करे।

दैनिक रूप से विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन कर आम जनों को विधिक जानकारी देकर जागरूक करते हुए किए गए विधिक गतिविधियों की पंजी भी संधारित करें। प्रत्येक पैरालीगल वॉलिंटियर जिन्हें बचपन बचाओ आंदोलन के तहत नाबालिग बच्चों के गुमशुदगी से संबंध में मॉनीटरिंग हेतु नियुक्त किए गए हैं वे थानों के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत गुमशुदा हुए नाबालिग बच्चे दस्तयाब हुए अथवा नहीं और यदि नहीं हुए तो थानों के द्वारा कार्यवाही का स्तर आदि के संबंध में प्रत्येक माह प्रतिवेदन आवश्यक रूप से प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करें।

## रेल संघर्ष समिति ने जीएम रेलवे व डीआरएम से की भेंट-मुलाकात

कोरबा । कोरबा जिलान्तर्गत वर्षो से कोरबावासियो की दु:ख, तकलीफ दूर करने संघर्षरत रेल संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधि मंडल 26 जून को जीएम रेलवे व डीआरएम के कोरबा आगमन पर उनसे सौजन्य भेंट-मुलाकात की। इस अवसर पर कोरबा जिले में सवारी गाड़ी की ले लतीफी और कुछ बंद सवारी गाड़ी को चालू करने उनसे मांग की। इसके अंतर्गत कोरबा-राउलकेला-बीकानेर, कोरबा-रीवा, कोरबा-तिरुपति पिट लाइन सेकंड एंट्री की सुविधा देने की मांग की। साथ ही बिलासपुर से दोपहर को कोई सवारी गाड़ी कोरबा के लिए नही होने पर उसे चालू करने की समिति द्वारा की गयी। बताया जा रहा हैं की इस सन्दर्भ में कोरबा जिला रेल संघर्ष समिति को संतोषजनक जवाब दिया गया।

## जिले में जल्द शुरू होगी ई बस सेवा,प्रस्ताव को मिली मंजूरी

कोरबा। छत्तीसगढ़ में 240 ई-बसें चलाने की स्वीकृति महुआ दिल्ली ने दी है। इसमें रायपुर में 100, दुर्ग भिलाई और बिलासपुर में 50-50 और कोरबा में 40 बसें चलाने की स्वीकृति दी गई है।दरअसल, सभी स्थानों पर केंद्र सरकार के फंड से चार्जिंग प्वाइंट, सर्विसिंग सेंटर बस टर्मिनल का कार्यालय बनाया जाएगा। इसमें चार्जिंग प्वाइंट से लेकर सभी इलेक्ट्रिकल कार्यों का व्यय भार केंद्र और सिविल वर्क के लिए केंद्र से 70 और राज्य सरकार से 30 फीसदी अंशदान रहेगा।मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अरबन अफेयर्स (महुआ) ने राज्य के 5 शहरों में 240 पीएम ई-बस सर्विस शुरू करने की स्वीकृति दी है। ई-बस शुरू करने के पूर्व ई-चार्जिंग प्वाइंट, सर्विसिंग सेंटर, कार्यालय भवन के निर्माण के लिए प्रस्ताव मंगाए जा चुके हैं।उसे तकनीकी स्वीकृति देने के लिए प्रक्रिया चल रही है। तकनीकी स्वीकृति मिलते ही सभी स्थानों पर ई चार्जिंग प्वाइंट और कार्यालय भवन के निर्माण का काम शुरू हो सकेगा।पीएम बस सेवा योजना के तहत देश के 169 शहरों में 10 हजार ई-सिटी बसों का संचालन करने के लिए साल 2023 में केंद्र सरकार ने इसकी स्वीकृति दी थी। योजना का लक्ष्य शहरवासियों को प्रदूषण मुक्त और सर्वसुविधायुक्त पब्लिक ट्रांसपोर्ट उपलब्ध कराना है।योजना के तहत रायपुर, बिलासपुर दुर्ग, भिलाई और कोरबा में पीएम ई बसों का संचालन चरणबद्ध ढंग से किया जाएगा। सभी शहरों में ई-बसों का संचालन पीपीपी मोड पर करने के लिए महुआ दिल्ली के स्तर पर टेंडर प्रक्रियाधीन है।

## आगामी वर्षाकाल में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से परिसम्पतियां हटाने की सूचना जारी

कोरबा । कार्यपालन अभियंता मिनीमाता बांगो बांध माचाडोली द्वारा सर्व साधारण एवं कार्य संबंधितों को सूचित किया गया है कि आगामी वर्षाकाल 2024 के दौरान आवश्यकता होने पर बांगो बांध माचाडोली से नदी में पानी प्रवाहित किया जाएगा। इस हेतु सर्व संबंधित उक्त बांध से नीचे, नदी के किनारे, बाढ़ क्षेत्र में स्थापित अपने चल-अचल सम्पत्ति को समय रहते सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर लें। इसी प्रकार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में स्थापित खनिज, खदान ठेकेदार, औद्योगिक इकाईयां, संस्थानों आदि को भी सूचित किया गया है कि वे अपनी परिसम्पत्तियों को बाढ़ क्षेत्र से बाहर कर लेना सुनिश्चित करें। आकस्मिक बाढ़ से होने वाली किसी भी प्रकार की क्षति के लिए जल प्रबंध संभाग उत्तरदायी नहीं होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में आने वाले संभावित गांवो में बांगो, लेपरा, कछार, कोनकोना, पोड़ी-उपरोड़ा, चर्रा, गाड़ाघाट, छिनमेर, सिरकीकला, कोडा, पाथा, सिलीयारीपारा, तिलसाभाटा, हथमार, छिर्रापारा, डुग्गुपारा, कल्मीपारा, जूनापारा, टुंगमुड़ा, तिलाईडाड़, नवागांव, झोरा, कोरियाघाट, पोड़ीखोहा, धनगांव, लोतलोता, नरमदा, औराकछार, झाबू, सोनगुड़ा, डोंगाघाट, टुनियाकछार, मछलीबाटा, स्याहीमुडी, जेलगांव, खैरभावना, बलरामपुर, भलपहरी, जोगीपाली, कोहड़िया, राताखार, गेवराघाट, इमलीडुग्गु, कुदुरमाल, बरीडीह, मोहर, देवरी, चिचोली, कटबितला, झीका व ढिठोली शामिल हैं।

## पूरी पढ़ाई देश की भलाई



कोरबा। दिनांक 24 जून 2024 को टॉप इन टाउन कोरबा में ग्राम मित्र एवं के सहयोग से एक दिवसीय जिला स्तरीय क्षमतावर्धन कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, शिक्षक, सामुदायिक मुखिया के साथ उच्च शिक्षा पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 12 गांव के एसएमसी सदस्य, मितानिन, पंच एवं सामुदायिक मुखिया लोगों ने भाग लिया। संस्था के अध्यक्ष श्री मुनीव शुक्ला ने कार्यक्रम के संबंध में बताया कि संस्था द्वारा जिले के कोरबा एवं करतला ब्लॉक में शिक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता हेतु कार्य कर रहे हैं उसी के तहत पूरी पढ़ाई देश की भलाई अभियान की शुरूआत किया गया। यह अभियान 24 अगस्त 2024 तक चलेगा जिसमें ब्लॉक , जिला एवं गांव में दीवार लेखन, संगोष्ठी, रैली यात्रा आदि का आयोजन किया जाएगा जिसमें 100त्न बच्चों का स्कूल में नामांकन हो विशेष कर लड़कियों का दाखिला हो। संगोष्ठी में सीएससी से श्री राकेश कौशिक जी ने अपने संबोधन में बताया कि सरकार उल्लास कार्यक्रम के तहत घर-घर सर्वे करेगी और बच्चों को दाखिला कराएगी। इस साल ओपन स्कूल के माध्यम से तीन बार परीक्षा का आयोजन किया जाएगा एसएमसी सदस्य सुखवाड़ा देवी रतिया ने बताया कि उनके स्कूल के आधारभूत संरचना को सुधारने की जरूरत है एवं एस एम सी के बैठक में सभी सदस्यों को आने की जरूरत है बच्चों में मोबाइल की उपयोगिता सीमित करने की जरूरत है जिससे उनकी पढ़ाई हो सके। सभी बच्चों को 12वीं तक अनिवार्य रूप से पढ़ने की जरूरत है। सीडब्लूसी के पूर्व सदस्य संतोष कुमार देवांगन ने उन बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया जिनके मां-बाप नहीं है, जो घर से अलग है। उनका शिक्षा कैसे हो तथा पलायन करने वाले बच्चों की शिक्षा कैसी हो । श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय, कोरबा के सहायक प्राध्यापक श्री राजेश प्रकाश एक्का ने उच्च शिक्षा की आवश्यकता के बारे में बताया कि किस तरह से उच्च शिक्षा प्राप्त व्यक्ति किसी काम को कैसे अच्छे से कर पाते हैं । उन्होंने बताया कि किसी भी कार्य को उल्लेखनीय ढंग से करने की क्षमता उच्च शिक्षा से ही आती है। उच्च शिक्षा से सिर्फ नौकरी ही नहीं जीवन में आगे बढ़ने के गुण आते हैं। नो नॉलेज विदाउट कॉलेज की बात कही जिसमें आई.टी. डिग्री वाले छात्रों के द्वारा अलग-अलग स्वाद के गन्ना रस बेच कर ढेरों पैसा कमाने के उदाहरण दिए। अंत में उपस्थित शिक्षक एसएमसी सदस्यों ने अपने-अपने गांव की समस्या को रखा जहां पर स्कूल में लाइट, पंखा, पानी आदि को सुधारने की जरूरत है तथा आभार प्रदर्शन मंजू कंवर करतला द्वारा किया गया।

## प्री. इंजीनियरिंग व प्री. मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं तैयारी हेतु आवेदन आमंत्रित

कोरबा । वर्ष 2024-25 में प्री. इंजीनियरिंग व प्री. मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की कोचिंग करने के लिए 01 जुलाई 2024 शाम 04 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन करने हेतु विभागीय वेबसाइट पर जाकर आवेदन पत्र तथा आवेदन से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के 12वीं उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थी जो ड्राप लेकर इन प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने के इच्छुक हैं वे निर्धारित तिथि तक सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरबा कार्यालय में कार्यालयीन समय में आवेदन कर सकते हैं। कोचिंग हेतु 100 अभ्यर्थी चयनित होंगे जिनमें 64 अनुसूचित जनजाति वर्ग तथा 36 अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र शामिल होंगे।

## क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर अंकुश लगाने पुलिस कर रही कार्य



कोरबा; । सीजन में क्रिकेट मैच के दौरान सट्टा खेलने/खेलाने वालों एवं इस कारोबार में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर आवश्यक कार्यवाही करने के साथ ही क्रिकेट सट्टा के कारोबार पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु पुलिस कार्य कर रही है।इसी क्रम में चौकी रजगामार थाना बालको के अपराध क्रमांक 338/24 धारा छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 7,8 एवं 66 (सी) आई.टी. एक्ट के प्रकरण में सायबर सेल तथा रजगामार पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा सूचना मिली कि रजगामार निवासी अर्पित अग्रवाल, आदित्य चौहान ऑनलाइन सट्टा अपने साथियों के जरिए खेला रहे हैं। पुलिस टीम के द्वारा उक्त स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर दबिस दिए अर्पित अग्रवाल घर पर नहीं मिला तब आदित्य चौहान के बारें मे सूचना मिली की वह अपने घर पोड़ी बहार में है तब स्टाफ के सांथ जाकर घेराबंदी कर उसके घर के पास आदित्य चौहान को पकडे. जिसे पूछताछ करने पर अपना नाम आदित्य चौहान पिता विजय सिंह चौहान उम्र 22 वर्ष साकिन पोड़ीबहार का निवासी बताया जिसे ऑन लाईन खिलाने के संबंध में पूछताछ किया गया उसके निशानदेही पर पुलिस टीम द्वारा अम्बिकापुर गांधी चौक वसुंधरा सिटी के पास जाकर पुलिस टीम के उक्त स्थान पर दबिस देकर 04 लोगो को ऑनलाइन पेनल चलाते हुए पकड़ा गया।सटोरियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा क्रिकेट मैच के दौरान कृष्णा बुक तथा पैनल के माध्यम से ऑन लाईन सट्टा का संचालन स्वीकार किया गया। जिस पर सभी 05 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लैपटॉप 02 नग एवं मोबाईल फोन 21 नग 02 नग मोटर सायकल बुलेट सीजी 15 डीबी 3142 एवं हीरो ग्लेमर सीजी 16 सीजी 1726 जुमला कीमती लगभग 6,60,000/- रूपये जप्त किया गया। सटोरियों के 37 नग विभिन्न बैंकों के चेक एवं 72 नग ए.टी.एम. कार्ड 09 पासबुक एवं 26 नग सिम जप्त कर साइबर सेल के द्वारा उसमें जांच किया जा रहा है जांच मे अब तक अलग-अलग बैंकों के कुल 85 खातों की जानकारी मिली है। जिनको होल्ड/फिज कराया जा रहा है। उन बैंक खातों मे लगभग 05 करोड़ से अधिक का लेनदेन होना पाया गया है एवं इसमें आगे भी विवेचना जारी है। प्राप्त बैंक खातों को साइबर सेल के माध्यम से डेबिट फ्रिज कराया गया जिन बैंक खातों मे लगभग 07 लाख रूपये होल्ड कराया गया है।सटोरियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा क्रिकेट मैच के दौरान कृष्णा बुक तथा सैनल के माध्यम से ऑन लाईन सट्टा का संचालन स्वीकार किया गया। जिस पर सभी 05 सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लैपटॉप 02 नग एवं मोबाईल फोन 21 नग 02 नग मोटर सायकल बुलेट सीजी 15 डीबी 3142 एवं हीरो ग्लेमर सीजी 16 सीजी 1726 जुमला कीमती लगभग 6,60,000/- रूपये जप्त किया गया। सटोरियों के 37 नग विभिन्न बैंकों के चेक एवं 72 नग ए.टी.एम. कार्ड 09 पासबुक एवं 26 नग सिम जप्त कर साइबर सेल के द्वारा उसमें जांच किया जा रहा है जांच मे अब तक अलग-अलग बैंकों के कुल 85 खातों की जानकारी मिली है। जिनको होल्ड/फिज कराया जा रहा है। उन बैंक खातों मे लगभग 05 करोड़ से अधिक का लेनदेन होना पाया गया है एवं इसमें आगे भी विवेचना जारी है। प्राप्त बैंक खातों को साइबर सेल के माध्यम से डेबिट फ्रिज कराया गया जिन बैंक खातों मे लगभग 07 लाख रूपये होल्ड कराया गया है।

# अनियमितता बरतने पर दो प्रबंधक सहित पांच कर्मियों को किया बर्खास्त

**जांजगीर-चांपा।** अनियमितता बरतने वाले जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के दो शाखा प्रबंधकों समेत पांच कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है। कलेक्टर अवनीश शरण ने प्रकरण की जांच करवा बर्खास्तगी के निर्देश दिए थे। जिसके बाद बर्खास्तगी हुईं। एक का डिमोशन भी किया गया है।

संतोष कुमार सोनी, पर्यवेक्षक अकलतरा शाखा जांजगीर को शाखा अकलतरा के पुराना रिहाल्विंग खाता जिसमें दिनांक 23.03.2013 पर राशि 1,53,82,902, 00 का तत्कालीन शाखा प्रबंधक द्वारा समायोजन किया गया था जो कि पूर्णत: गलत या, इन खातों में (अंतिम बेलेन्स जिसे नये रिहाल्विंग बातों में प्रशंकर किया गया) का योग जमा की गई राशि 1,53,82,902.00 के बराबर नहीं है। राशि का उपयोग समिति को भुगतान करने व धान खरीदी के भुगतान के अग्रेषण किये जाने की जांच कराई।संतोष कुमार सोनी पर्यवेक्षक के द्वारा जांच अधिकारी को प्रस्तुत प्रतिउत्तर समाधानकारक नहीं होने तया आरोप कमांक 01 को प्रमाणित पाये जाने पर बैंक कर्मचारी सेवा नियोजन, निबंधन तथा उनकी कार्यरिवति) नियम 1982 के शिवम कं.57 (एक) गंभीर दण्ड अंतर्गत उपनियम के. (ब) के अंतर्गत संस्था प्रबंधक के पद पर पदावनत किये जाने का दण्ड सेवानियम कं.61 के अनुसार सर्वसम्मति से लिया गया साथ ही यह भी निर्णय लिया गया।

माधव सिंह चौहान शाखा प्रबंधक, शाखा करगीरोड़ को समितियों का के.सी.सी. अंतर्गत ऋण वितरण का समायोजन विलंब किये जाने, केश रेक्टिफिकेशन आता से जमा/नागे किये जाने आदि के संबंध में आरोप पत्र जारी किया गया। आरोप पत्र में उल्लेखित 04 में से 02 आरोपों को आंशिक रूप से जांच अधिकारी के द्वारा प्रमाणित पाया गया है। तया माधव सिंह चौहान शाखा प्रबंधक, शाखा करगीरोड़ के एक अन्य प्रकरण में शप्रकाश कुंभज बैंक कर्मचारी के साथ में 13. 08.2021 से अब तक लगभग 30 किसानों के खाते से अनियमित तरीके से राशि नगद एवं ट्रांसफर कर गड़बड़ी किये जाने पर आरोप पत्र जारी किया गया। माधव सिंह चौहान के द्वारा उक्त गड़बड़ी की सर्वप्रथम सूबना दी गई थी।

जांच प्रतिवेदन में खाताधारकों एवं अनपोस्टेड की राशि गड़बड़ी पाये जाने पर उक्त राशि जमा करायी गई है। जिससे यह प्रमाणित होता है कि लगाये गये आरोप सही है। जिसके लिये माधव सिंह चौहान दोषी होने का लेख किया गया है।

## वन विभाग द्वारा जिले में 1 जुलाई 2024 से नि:शुल्क पौधा वितरण

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन के महत्वकांक्षी योजनाओं के तहत नि:शुल्क



पौधा वितरण का शुभारंग 01 जुलाई 2024 से किया जाना है, उप वनमंडल अधिकारी जांजगीर-चांपा ने बताया कि वनमण्डल से विभिन्न प्रजातियों के पौधे नि:शुल्क वनमण्डल कार्यालय परिसर चांपा से प्रदाय किया जावेगा। पौधा प्रदाय हेतु वनमण्डल जांजगीर-चांपा के अंतर्गत वनपरिक्षेत्र अधिकारी चांपा एवं बीट गार्ड चांपा की ड्यूटी निर्धारित की गई है। योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कर मांग के अनुसार तत्काल पौधा प्रदाय करने हेतु मोबाईल नम्बर भी जारी किया गया है, किसी भी हितग्राही को पौधों की आवश्यकता हो तो मोवाईल नम्बर 7489624051, 8435419518 पर सर्पक कर वनमण्डल परिसर चांपा से आवश्यकतानुसार पौधा प्राप्त कर सकतें है।

# घर में संदिग्ध हालात में बेड पर बुजुर्ग की लाश मिली, चोरी के साथ हत्या की आशंका

**जांजगीर-चांपा।** जिले में घर के कमरे में संदिग्ध हालात में बेड पर बुजुर्ग की लाश मिली है। कमरे में रखे अलमारी भी खुले मिले हैं। चोरी के साथ हत्या की आशंका जताई जा रही है। गले में चोट के निशान मिले हैं। वारदात चांपा थाना क्षेत्र के शंकर नगर की है।

मिली जानकारी अनुसार, बुधवार की रात करीबन 9 बजे चांपा पुलिस को सूचना मिली थी कि घर के कमरे में एक बुजुर्ग छोटे लाल पांडेय (65) का शव बेड पर पड़ा हुआ है। उसके सिर के पास लाल रंग का तार और पैर तरफ लोटा में पानी रखा हुआ था। यह घटना 8.00 से 8.30 बजे के बीच की है।

**खाटू श्याम दर्शन के लिए गए थे बेटा-बहू**


परिजनों के मुताबिक छोटे लाल पांडेय अपने परिवार के साथ रहता था। बेटा बहू अपने बच्चों के साथ खाटू श्याम मंदिर दर्शन के लिए गए हुए थे। वहीं मृतक की पत्नी डेयरी दुकान पर बैठी थी। रोजाना की तरह छोटे लाल अपनी पत्नी को दुकान से घर लाने के लिए शाम के 7.45 बजे दुकान जाया करता था

इस दौरान बुधवार शाम को तेज बारिश की वजह से वह दुकान अपनी पत्नी को लेने नहीं पहुंचा। उसके बेटे ने पड़ोसी को फोन कर कहा कि पिता जी फोन नहीं उठा रहे हैं। जाकर बात करा दीजिए। जब पड़ोसी पहुंचा तो देखा की वह बेड पर पड़े थे। आवाज लगाने पर कोई जवाब नहीं दे रहे थे। पास जाकर देखा तो उनकी मौत हो चुकी थी।

**शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा**

पुलिस ने बताया कि सूचना पर टीम मौके पर पहुंची थी। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। जांच के दौरान कमरे में रखे अलमारी का दरवाजा खुला मिला था। अंदेशा लगाया जा रहा है कि अज्ञात चोर घर में चोरी की नीयत से घुसा होगा, जिसने गला दबाकर हत्या की होगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## पटवारी का 300 रु रिश्वत मांगने का वीडियो आया सामने



**जांजगीर चांपा।** जिले के पामगढ़ तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत खरौद के पटवारी पदुम लाल भगत का एक वीडियो सामने आया है। जिसमे राशन कार्ड में हस्ताक्षर करने को लेकर ग्रामीण से 300 रु की रिश्वत मांग की जा रही है। पूर्व में भी पटवारी को अपर कलेक्टर ने सस्पेंड किया था।

मिली जानकारी अनुसार,नगर पंचायत खरौद में पदस्थ पटवारी पदुम लाल भगत विवादो में घिरे रहते है। एक ग्रामीण जोकि अपना राशन कार्ड बनवाने गया हुआ था। जिसमे पटवारी की हस्ताक्षर की जरूरत थी वह पटवारी के पास पहुंचा और राशन कार्ड बनने की बता कही। जिसमे पटवारी साहब ने यह कहा की मेरे एक साइन से तुम जिंदगी भर फ्री में चावल खाओगे और तुम्हे 300 रु देने को बोल रहा हु तो क्यों तकलीफ हो रही है। दो राशन कार्ड का 600 रु लगेगा यह शब्द वीडियो में रिकॉड हुआ है।

**पूर्व में भी पटवारी को किया गया था सस्पेंड..**

गौरतलब है कि धान खरीदी के समय अपर कलेक्टर निरीक्षण के लिए खरौद पहुंचे हुए थे। उस समय पटवारी शराब पीकर घर में सो रहा था। जिसपर सस्पेंड किया गया था अभी महज 2 से 3 माह हुए है पटवारी को बहाल हुए और नया कारनामा सामने आया है।

**अपर कलेक्टर ने एसडीएम पामगढ़ को कार्यवाही के दिए निर्देश**

अपर कलेक्टर एसपी वैध ने पैसे लेने की वीडियो को लेकर कहा की पामगढ़ एसएमडी से सूचना मिली की पटवारी का पैसे मांगने का वीडियो वायरल हो रहा है। सूचना पर अपर कलेक्टर ने तत्काल वीडियो की जांच पड़ताल कर पटवारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करे।



## सांसद ने भारत सरकार में रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से की सौजन्य भेंट

**जांजगीर चांपा।** लोकसभा जांजगीर चांपा की सांसद कमलेश जांगड़े ने भारत सरकार में रेलमंत्री माननीय अश्वनी वैष्णव जी से सौजन्य भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त की।

साथ ही सक्ति रेलवे स्टेशन पर निम्नलिखित रेलगाड़ियों के स्टॉपेज हेतु पत्र देकर क्षेत्रवासियों की ओर से माँग रखी है।

उन्होने आजाद हिन्द एक्सप्रेस (हावड़ा से पुणे) अप 12129. डाऊन 12130 को सक्ति रेलवे स्टेशन पर ठहरा,गोंडवाना एक्सप्रेस (दिल्ली से रायगढ़) अप 12410, डाऊन 12409 को सक्ति रेलवे स्टेशन पर ठहराव।- पुणे हटिया एक्सप्रेस (हटिया से पुणे) अप 22846, डाऊन 22845 को संक्ति रेलवे स्टेशन पर ठहराव ।

सक्ती रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म न. 1 और 2 पर टिनशेड और स्वचालित सीढ़ी (एक्सीलेटर) एवं लिफ्ट लगाने का निमार्ण कार्य। 5- सक्ति रेलवे स्टेशन पर लोडिंग अनलोडिंग हेतु पार्सल कार्यालय संचालित किया जाए। 6- सक्ति रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा हेतु जी.आर.पी. की सुविधा शुरु किया जाए। 7- सक्ति रेलवे स्टेशन को अमृत योजना से जोड़कर उसका सौंदर्यीकरण कर विकसित किया जाए। साथ ही बाराद्वार रेलवे स्टेशन में भी रेलगाड़ी के ठहराव हेतु पत्र सौंपा

ट्रेन संख्या-

1- (अप 13288-डाउन 13287),साऊथ बिहार एक्सप्रेस (दुर्ग से राजेन्द्र नगर)

2-(अप 20808- डाउन 20808),हीराकुड़ एक्सप्रेस (विशाखापट्टनम से अमृतसर)

सांसद बनते ही सक्ती में रेलवे स्टेशन का उन्नयन, अमृत योजना से जोड़ने एवम ट्रेनों के ठहराव हेतु क्षेत्र की मांग को रेल मंत्रालय तक पहुंचाने का कार्य किया जो उनकी सक्रियता को दर्शाता है।

## मार्केटिंग में दोगुना मुनाफे का लालच देकर महिलाओं से 33 लाख की धोखाधड़ी

**बिलासपुर।** पचपेड़ी में रहने वाली पीड़ित महिलाएं आरोपित के खिलाफ जुर्म दर्ज करने की मांग कर रही हैं। पचपेड़ी में रहने वाली निर्मला रात्रे और धुर्वाकारी में रहने वाली रमिता भारद्वाज ने अपने आवेदन में बताया कि धुर्वाकारी में रहने वाली राधिका भारद्वाज, नागेंद्र भारद्वाज और देंवेंद्र भारद्वाज ने उनसे संपर्क किया। उन्होंने मार्केटिंग में पैसा लगाने से दोगुना मुनाफा की बात कही।

एक ही गांव के होने के कारण महिलाओं ने उनकी बातों पर भरोसा कर लिया। रमिता ने आरोपित को नकद और आनलाइन माध्यम से तीन लाख रुपये दिए, साथ ही निर्मला ने उन्हें 30 लाख रुपये दे दिए।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**एस एंड टी कार्य हेतु निविदा सूचना**

क्र.सं. (1) ई-निविदा सूचना संख्या: 180-एसटी-टेंडर-2024 दिनांक : 19.06.2024

कार्य: "बिलासपुर मंडल में विभिन्न सीटीआर, टीटीआर और टीआरआर (ट्रैक नवीनीकरण कार्य) के संबंध में एस एंड टी कार्य (Consignee SSE/SIG/KRBA)"। निविदा मूल्य: ₹ 7,42,30,774.90 (सात करोड़ बयालीस लाख तीस हजार सात सौ चौहत्तर रुपये नब्बे पैसा मात्र)। अमानत राशि: ₹ 5,21,200/- (पांच लाख इक्कीस हजार दो सौ रुपये मात्र)। निविदा का जमा होना: दिनांक 09.07.2024 के 15:00 बजे तक।

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी http://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

मण्डल संकेत एवं दूर. इंजीनियर
सीपीआर/10/119 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail


# स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता दीदियों के द्वारा डोर टू डोर किया जा रहा कचरा कलेक्शन

## ग्राम पंचायत खटोला में लोगों को किया गया जागरूक

**जांजगीर चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा के निर्देशन और जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे के मार्गदर्शन में जिले में डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य स्वच्छता दीदियों के माध्यम से कराया जा रहा है। स्वच्छता अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में बैठक कर ग्रामीणों को स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता की पहल के साथ जागरूक करने का काम भी किया जा रहा है।

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जनपद पंचायत नवागढ़ की ग्राम पंचायत सिंघुल में जनपद पंचायत सीईओ के द्वारा सेग्रिगेशन शेड निर्माण, कचरा कलेक्शन, हेंडपंप, सोकपीट का निरीक्षण किया गया और समूह की महिलाओं को डोर टू डोर कचरा कलेक्शन को लेकर आवष्यक दिशा निर्देश भी दिए। ग्राम पंचायत में भड़ेसर में घर-घर कचरा कलेक्शन हेतु स्वच्छता दीदी समूह को सुरक्षा किट, जूते, टोपी, दस्ताने व






अन्य सामग्री प्रदान की गई। अकलतरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खटोला में समूह की दीदियों द्वारा गांव में स्वच्छता जागरूकता के तहत लोगों को जानकारी दी गई और आसपास के स्थानों की साफ-सफाई करते हुए गांव की गलियों, घरों से कचरा उठाया गया। कचरे का निपटारा योजना बद्ध तरीके से किया जा सके इसके लिए ग्राम पंचायतों में सेग्रिगेशन शेड का निर्माण किया गया है। इसके साथ ही समूहों की महिलाएं डोर टू डोर कचरा कलेक्शन के साथ अपशिष्ट प्रबंधन के कार्यों को क्रियान्वन कर रही हैं। दीदियों के द्वारा जन-जागरूकता बढ़ाने के लिये आम नागरिकों को स्वच्छ भारत मिशन के महत्वों को बताते हुए गीले एवं सूखे कचरे को अलग करने के बारे में जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा गांव-गांव में स्वच्छता ही जागरूकता को लेकर प्रचार-प्रसार करते हुए दीवाल लेखन भी किया जा रहा है, जिसमें स्वच्छता को लेकर स्लोगन लिखे गए हैं।

# भाजपा ने किया लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान



**जांजगीर चांपा।** मीसाबंदीयो के सम्मान कार्यक्रम मे जांजगीर भाजपा कार्यालय पहुँचे पूर्व नेता प्रतिपक्ष व विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि आपातकाल का दौर देश के इतिहास मे आज तक का सबसे काले अध्याय के रूप मे साबित हुआ उस समय देश के हजारो लाखो बेकसूर लोगो को इन्दिरा गांधी ने जेल मे बंद कर दिया जनसंघ के हजारो कार्यकर्ताओ को कई महिनो तक जेल मे बंद कर यातनाए दी गई इससे कई लोगो की जेल मे मृत्यु हो गई 34000 मीसा बंदियो को गिरफ्तार किया गया प्रेस पर बैन लगा दिया गया नसबंदी भी उसी दौर मे किया गया शक्ति का दुरुपयोग कांग्रेस द्वारा उस समय किया गया अटल अडवाणी जार्ज फर्नांडीस श्यामानंद शर्मा जैसे बड़े नेताओ को जेल मे बंद कर दिया गया कांग्रेस ने अपने सता व पद लोलुपता के कारण व इन्दिरा गांधी ने पद मे बने रहने के कारण ऐसे किया अकारण लोगो को जेल मे बंद कर दिया गया 1977 मे देश मे चुनाव हुआ जिसमे जनता पार्टी की सरकार बनाई मोरारजी देसाई देश के प्रधानमंत्री बने उसके पश्चात भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 1980 को हुई और अटल बिहारी बाजपेई पहले अध्यक्ष बने यही से भारतीय जनता पार्टी के संघर्ष की यात्रा शुरू हुई उन्होंने कहा कि हमारे लोकतंत्र सेनानियो की कुर्बानी व त्याग के कारण हम आज विकसित भारत का सपना देख रहे है सभी मीसाबंदी हमारी पूंजी है और इनका सम्मान हमारे दिलो मे है कार्यक्रम को जिलाध्यक्ष गुलाब चंदेल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारे लोकतंत्र सेनानी के बलिदान व त्याग को देश भूल नही सकता कांग्रेस पार्टी की उस समय की इन्दिरा गांधी ने जिस बर्बरतापूर्वक अनेकोनेक हमारे सेनानियो के साथ व्यवहार किया उनके परिवार को जो यातनाए झेलनी पड़ी उस समय व दिन को याद करते हुए हम आज भारतीय जनता पार्टी के लोग पुरे देश मे काला दिवस के रूप मे मना रहे है कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री पुरूषोत्तम शर्मा ने किया उक्त कार्यक्रम मे अमबेश जांगडे दिनेश सिंह अमर सुल्तानीया अरूण झाझडिया नंद चौधरी रमेश वैष्णव गुरूदयाल पाटले राजाराम सिंहानी महादेव नेताम आशु गोस्वामी राजशेखर सिंह सनत पांडे मंगतूराम शर्मा अनुराधा शुक्ला संतोषी दुबे मोतीलाल डहरिया बद्री केशरवानी खमहन तिवारी सुमित प्रताप सिंह पंकज अग्रवाल अमित यादव परमेश्वर राठौर नंदनी रजवाडे मोहन यादव प्रदीप सोनी अनिल शर्मा प्रेमलता कौशिक धर्मेंद्र राणा उमेश राठौर पुष्पेनदर निर्मलकर शिवचमन सिंह शिशुपाल सिंह रितेश अग्रवाल प्रदीप राठौर गोलू दुबे अजय कौशिक योगेश चौरसिया देवानंद गढ़वाल सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सब्जी के आड़ में तस्करी, ढ़ाई क्विंटल गांजा जब्त

**रायगढ़।** पुलिस ने भटली के पास वाहन को पकड़ा जानकारी के मुताबिक सरिया पुलिस नियमित जांच के सिलसिले में थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही थी। इस बीच भटली चौक में गोभी सब्जी के आड़ में एक युवक ने उड़ीसा से गांजा तस्करी करते समय सरिया पुलिस के हत्थे चढ़ा। पुलिस को देखते ही आरोपित युवक गाड़ी छोड़कर भागने का प्रयास किया। लेकिन सरिया पुलिस ने धर दबोचा। सरिया थाना प्रभारी प्रमोद यादव ने बताया कि ओडिसा से माजदा मेटाडोर गाड़ी में सब्जी के आड़ में करीब ढाई क्विंटल गांजा लाते समय पकड़ा गया है।

# गौसेवकों ने टापू से निकाला 25 मवेशियों को

**सक्ती।** विगत शाम गौ सेवा समिति के सदस्यों को जिले के ग्राम मोहंदी और हरदी के बीच एक पुल में 20 से 25 मवेशियों के टापू में फंसे होने की जानकारी मिली इसके बाद गौसेवा समिति के संस्थापक एवं उनकी टीम मौके पर पहुंचकर स्थल का जायजा लेने के बाद समिति के संस्थापक ने प्रशासनिक मदद के लिए डायल 112 को सूचना दी और कंट्रोल रूम से बचाव दल बुलाने को कहा लेकिन जिला में कोई भी बचाव दल नहीं होने की वजह से मौके पर 112 पहुंची , गांव के सरपंच से बात की गई ।

उन्होंने पहले ही बांध का 4 गेट खोल दिया था जिसकी वजह से पानी का स्तर कम हो चुका था प्रशानिक मदद मिलने में विलंब हो रहा था । मौसम बिगड़ते देख समिति के संस्थापक मयंक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में समिति ने सक्रिय सदस्य पुनीत मिश्रा गौ सेवक को हार्नेस बांध कर टापू पर उतारा ।

समिति के संस्थापक ने बताया बांध खोलने से टापू की सतह दिखने लगी थी जिसके बाद अन्य गौ सेवकों ने अपने साथी को नीचे उतरा । हमारा उद्देश था कि रस्सी बांध कर मवेशियों को ऊपर खींच के निकालने का। पहले बछड़ों का रेस्क्यू किया गया । उसके बाद त नीचे उतरे गौ सेवको के द्वारा पहले एक छोटे मवेशी का रेस्क्यू किया गया।

उसकी आवाज से अन्य मवेशी भी पानी में आने लगे इसे देख टापू से बाहर जो मवेशी थे वे आकर्षित होने लगे और उनकी ओर बढ़ने लगे लेकिन पानी को देख घबराए सभी मवेशी डर रहे थे। जिसके बाद गौ सेवक उन सभी मवेशियों के साथ नदी पार करने लगे ।इसे देख सभी मवेशी बाहर की ओर जाने लगे। इस तरह से सभी को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। क्षेत्र में गौ सेवक अपनी जान को जोखिम में डालकर बेजुबानों को बचाने के लिए दिन रात नि:स्वार्थ भावना से लगे हुए हैं।

# मेडिकल कालेज के लिए प्रस्तावित जमीन पर हो रही थी खेती, हटाया गया कब्जा

**जांजगीर - चांपा।** सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर वर्षों से खेती कर रहे किसानों से जमीन को मुक्त कराने के लिए प्रशासन द्वारा गुरूवार को विशेष अभियान चलाया गया। राजस्व अमले ने मेडिकल कालेज के लिए प्रस्तावित स्थल से लगभग 70 एकड़ भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर लाल झंडा लगाकर चिह्नांकित किया। इसी तरह ग्राम मेंहदा में वन विभाग की लभगग 15 एकड़ भूमि से कब्जा हटाया गया। वहीं ग्राम कुटरा में स्कूल परिसर में बाड़ी और मकान बनाकर किए गए कब्जा को जेसीबी की मदद से तोड़ा गया।

जिले में सरकारी जमीन पर बेजाक कब्जा करने की ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में होड़ मची हुई है। ऐसी सरकारी जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए अभी तक ग्राम पंचायत के सरपंच व जनप्रतिनिधि जूझते रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का सहयोग नहीं मिलने के कारण उन्हें कब्जा हटाने में सफलता नहीं मिलती थी। पूर्व के अधिकारियों ने भी सरकारी जमीन से कब्जा हटाने ठोस पहल नहीं की। किंतु कलेक्टर आकाश छिकारा ने इसे गंभीरता से लिया और समय सीमा की बैठक में सरकारी जमीन को मुक्त कराने के निर्देश राजस्व अमला को दिए । जिस पर गुरूवार को जांजगीर तहसील के अंतर्गत तहसीलदार राजकुमार मरावी, नायब तहसीलदार प्रशांत पटेल, आरआई अशोक साहू , हिमांशु भास्कर और पटवारी सविता कंवर की टीम ने कुटरा और मेंहदा में



अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया।

ग्राम कुटरा में मेडिकल कालेज प्रस्तावित है। मेडिकल कालेज के लिए 125 एकड़ जमीन का चिन्हांकन राजस्व विभाग के द्वारा किया गया है। मगर उस जमीन पर कुछ ग्रामीण पांच छह साल पहले से खेत बनाकर उसमें खेती करते आ रहे थे। इस वर्ष भी ग्रामीण उस स्थान पर खेती किसानी की तैयारी कर रहे थे। टीम ने करीब 70 एकड़ सरकारी जमीन को ग्रामीणों के कब्जे से मुक्त कराया और लाल झंडा लगाकर चिह्नांकित किया है। खेतों की मेड़ को तोड़ कर उसे बराबर भी किया गया। मेडिकल कालेज के लिए शासन से 50 करोड़ रूपए की स्वीकृति मिल गई है। कभी भी चिह्नांकित स्थान पर निर्माण कार्य शुरू हो सकते हैं।

ग्राम मेंहदा में भी ग्रामीण वन विभाग की करीब 15 एकड़ जमीन पर खेत बनाकर कब्जा कर लिए थे और खेती किसानी करते आ रहे थे। टीम ने यहां भी अभियान चलाकर रामीणों द्वारा कब्जा किए गए 15 एकड़ जमीन को मुक्त कराया और लाल झंडा लगाकर चिह्नांकित किया है। कार्रवाई नहीं होने के चलते अतिक्रमणकारियों के हौसले बढ़ रहे थे। अतिक्रमणकारी स्कूल तक को नहीं छोड़ रहे हैं। ग्राम कुटरा के नवीन शासकीय प्राथमिक स्कूल परिसर में ग्रामीणों के द्वारा पक्का मकान, बाड़ी बनाकर और अहाता निर्माण कर कब्जा कर लिया गया था। अतिक्रमण के चलते विद्यालय संचालन में परेशानी आ रही थी। 26 जून से स्कूल खुल गए हैं। गुरूवार को राजस्व अमला ने स्कूल परिसर में पक्का मकान, बाड़ी और अहाता निर्माण कर किए गए कब्जे को जेसीबी की मदद से तोड़कर मुक्त कराया गया।

**दुबारा कब्जा करने पर होगी एफआईआर**

अतिक्रमण मुक्त जमीन पर राजस्व विभाग द्वारा लाल झंडा लगाकर चिह्नांकित किया जा रहा है ताकि भविष्य में कोई दोबारा उस जमीन पर कब्जा न कर सके। प्रशासन द्वारा खेतों की मेड़ को तोड़ कर उसे बराबर भी किया गया। अतिक्रमण मुक्त करने के बाद भी उस जमीन पर दुबारा कब्जा करने वालों के खिलाफ एफआईआर भी की जाएगी।

ग्राम कुटरा में मेडिकल कालेज के लिए प्रस्तावित स्थल के पास 70 एकड़, ग्राम मेंहदा में वन विभाग की जमीन से 15 एकड़ में ग्रामीणों द्वारा कब्जा कर खेती किसानी की जा रही थी। गुरूवार को ग्रामीणों के कब्जे से मुक्त कराया गया है। कुटरा के सरकारी स्कूल परिसर में कुछ ग्रामीण मकान, बाड़ी बनाकर कब्जा कर लिए थे जिसे जेसीबी से तोड़कर अतिक्रमण हटाया गया।

प्रशांत पटेल
नायब तहसीलदार, जांजगीर

# बस स्टैंड का अहाता तोड़कर रास्ता देने का विरोध

**जांजगीर चांपा।** नैला में स्थित प्रतीक्षा बस स्टैंड के बाउंड्रीवाल को तोड़कर अवैधानिक रूप से रास्ता का निर्माण कर एक विशेष समुदाय को लाभ पहुंचाने अनाधिकृत प्रयास करने की शिकायत नगरवासियों ने कलेक्टर से करते हुए इस पर रोक लगाने की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि सरकारी जमीन के बाउंड्रीवाल को तोड़कर उससे लगी हुई निजी जमीन को व्यवसायिक रूप से बेचने के लिए यह षड्यंत्र किया जा रहा है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि बस स्टैंड की बाउंड्रीवाल को तोड़ने से वहाँ असमाजिक तत्वों का जमावड़ा होगा और शांतिभंग होगी,अपराध भी बढ़ेंगे ।

ऐसी ही मानसिकता के लोग ही वार्ड क्र 4 में नैला मुक्तिधाम के आसपास सरस्वती शिशुमन्दिर के सामने अवैध कब्जा कर सरकारी जमीन को हथिया लिए हैं। इतना ही नही कब्रिस्तान के लिए जो जमीन आबंटित की गई थी उससे लगभग दो गुनी जमीन पर अनाधिकृत कब्जा किया गया है। कब्जा किये गए जमीन पर पहले दाहसंस्कार होता था मौके पर आज भी सेड मौजूद है द्य

वार्ड क्र 4 पर पिछले 4-5 वर्षों में कम से कम 200 परिवार बाहरी बसाए गए हैं। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि उन्हें आशंका है कि इनमें से ज्यादातर लोग घुसपैठिए हैं, इसके लिए हमने पहले भी ज्ञापन दिया था जिस पर तत्कालीन एसपी द्वारा कार्रवाई की बात कही गई थी । वर्तमान में इसकी भी गहन जांच कराई जाए एवं सीमांकन कर उक्त सभी जमीन को भी मुक्त कराया जाए । कारवाई जाय नही होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई है।

## अनमोल वचन......

**दुनिया उन्ही पर भरोसा करती है, जिन्हें खुद पर भरोसा होता है!**

# सख्त कानून लागू

*सरकार ने पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 लागू कर दिया है। इस एंटी-पेपर लीक कानून के तहत पेपर लीक या उत्तर-पुस्तिका से छेड़छाड़ करने पर कम से कम तीन साल की सजा होगी जिसे दस लाख तक के जुर्माने के साथ बढ़ा कर पांच साल तक भी किया जा सकता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू चार महीने पहले ही लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 को मंजूरी दे चुकी थीं। इस कानून का उद्देश्य यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग भर्ती परीक्षाओं और एनटीए द्वारा आयोजित अन्य तमाम परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकना है।*

*इस तरह के संगठित अपराध में शामिल लोगों पर अब न्यूनतम एक करोड़ रुपये के जुर्माने का प्रावधान है। इस कानून से पहले राज्यों में नकल रोकने और परीक्षा में किसी भी तरह की धांधली को रोकने संबंधी कानून बनाए गए हैं। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात और उत्तराखंड में ऐसे कानून हैं। हालांकि ये उस तरह के नतीजे देने में असफल रहे हैं, जिनके बलबूते परीक्षाओं को पारदर्शी बनाया जा सके। इस नये कानून द्वारा परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था के प्रमुख और सदस्यों को लोक सेवक माना जाएगा ताकि उनके खिलाफ अपराध के साथ ही भ्रष्टाचार का मामला भी चलाया जा सके। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं पर उठने वाली उंगलियों के कारण युवाओं का भरोसा लगातार टूट रहा है। बार-बार परीक्षा प्रणालियों पर संदेह और उनकी पारदर्शिता धूमिल पड़ने के चलते प्रतियोगियों में निराशा व्याप्त होती जा रही है। चूंकि अब यह संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में आ गया है, इसलिए कोई भी पुलिस अधिकारी बगैर वारंट भी अपराधी को गिरफ्तार कर सकता है। भले ही यह फैसला लेने में सरकार ने काफी ढिलाई बरती है लेकिन देर आयद दुरुस्त आयद क्योंकि उच्च शिक्षा या नौकरी के लिए परीक्षार्थियों का समूचा भविष्य ही दांव पर लगा होता है। परीक्षाओं में धांधली होनहार युवाओं को नैतिक तौर पर बुरी तरह तोड़ देती है। हालांकि सख्त कानून बनाने में वक्त लगता है। विशेषज्ञों की राय और विभिन्न दृष्टिकोणों से इसे उस सख्ती से लागू किया गया ताकि भविष्य में इस तरह का कोई संकट ही न खड़ा हो सके। साथ ही, इस तरह के अपराधियों पर लगाम कसी जा सके। देखा जाना है कि कानून सख्त किए जाने के बाद पेपर लीक और परीक्षाओं में धांधलियों पर नकेल कसने में हम किसने सफल होते हैं।*

## राशिफल

**मेष राशि**-आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज का दिन आपके लिए संपत्ति मिलने का संकेत दे रहा है। आज परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। जीवनसाथी के साथ आप डिनर करने जायेंगे। आप यदि किसी प्रॉपर्टी में निवेश करने की योजना बना रहे थे

**वृष राशि**-आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। घर के बड़ों से आगे बढ़ने की राय मिलेगी। जो आगे चलकर आपके काम आयेगी। किसी रायटर की बुक आज पब्लिश होगी जिसके लिए उसको अवार्ड मिलेगा। अपने आपको फिट एंड फाइन रखने के लिए एक्सरसाइज करें। आज कोई भी बड़ा फैसला सावधानी पूर्वक लें।

**मिथुन राशि**- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। किसी ख़ास मेहमान के स्वागत सत्कार में आप व्यस्त रहेंगे, परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक व्यापारियों की आमदनी में बढ़ोतरी होगी। आज आय के नये-नये स्रोत भी आपको मिलेंगे। आज आप पूरे दिन ऊर्जा से भरे रहेंगे।

**कर्क राशि**- आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया से भरा रहेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। आज स्वजनों से स्नेह बढेगा। आज खानपान में रूचि बढ़ेगी। जो लोग कोई कम्प्यूटर कोर्स ज्वाइन करना चाहते हैं उनके लिए समय अनुकूल रहेगा। कारोबारियों का काम पहले से बेहतर चलेगा। आपकी सेल में बढ़ोतरी होगी। बच्चों के साथ आज अपना समय बितायेंगे।

**सिंह राशि**- आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों को आज जानकार लोगों की सलाह मिलेगी। रियल स्टेट के कारोबारियों की आज कोई प्रॉपर्टी सेल हो सकती है। अगर आप वाहन लेना चाहते हैं तो यह समय आपके लिए अनुकूल रहेगा। आज आपके मनचाहे कार्यों की पूर्ति होगी।

**कन्या राशि**- आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को आज कोई भी फैसला जल्दबाजी में नहीं लेना चाहिए। छात्रों को आज अपने प्रोजेक्ट पूरा कर लेना चाहिए। आज आपका सामाजिक दायरा बहुत हद तक बढ़ सकता है। दैनिक कार्यों में आपको पूर्ण रूप से सफलता मिल सकती है।

**तुला राशि**-आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज जीवनसाथी के साथ आपकी मीठी नोक-झोक होगी। स्वास्थ्य में चल रही समस्याओं को आप नजरअंदाज ना करें। किसी कठिन परिस्थिति में आपको कुछ लोगों से आसानी से मदद मिल जायेगी। आपके भौतिक सुख-साधनों में बढ़ोतरी होगी।

**वृश्चिक राशि**- आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। आज जिस भी क्षेत्र में आप मेहनत करेंगे, उसमे सफलता अवश्य मिलेगी। अगर मन में कोई बात आपको परेशान कर रही है, तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करें, आपको अच्छी सलाह मिल सकती है। आज ऑफिस में पार्टी कर सकते हैं।

**धनु राशि**-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आपको कोई नया व्यापार शुरू करने का मौका मिलेगा। किसी काम के लिए कई दिनों से की जा रही मेहनत का फल आज आपको मिल सकता है। आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा।

**मकर राशि**-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए जो भी प्रयास करेंगे उसमें आपको सफलता अवश्य प्राप्त होगी। आपको बिजनेस में बड़ी सफलता मिलने के योग दिख रहे हैं। परिवार में वरिष्ठ सदस्यों के साथ आप कहीं घूमने जाने की योजना बना सकते हैं। संगीत से जुड़े लोगों को किसी अच्छे प्लेटफॉर्म काम करने का मौका मिलेगा।

**कुंभ राशि**-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको किसी व्यक्ति के कहने में आकर कोई निर्णय लेने से बचना चाहिए। आप किसी काम को करने से पहले उसके लिए सोच विचार अवश्य करें। आज आप अपनी आय को बढ़ाने के लिए कुछ नया प्लान बनायेंगे।

**मीन राशि**-आज का दिन आपके लिए भागदौड़ से भरा रहने वाला है। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने के कारण आप अपने रुके हुए कामों को पूरा करने की कोशिश करेंगे, लेकिन आप अपनी उस एनर्जी को सही कामों में लगाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। बच्चों के लिए आप कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। माता-पिता के आशीर्वाद से आप किसी नई डील को फाइनल कर सकते हैं।

# पेड़ बचाओ-पेड़ लगाओ

//विनीत नारायण//

**पूरी दुनिया भीषण गर्मी से झुलस रही है। हजारों लोग गर्मी की मार से बेहाल हो कर मर चुके हैं। दुनिया के हर कोने से एक ही आवाज उठ रही है, कि पेड़ बचाओ-पेड़ लगाओ। क्योंकि पेड़ ही गर्मी की मार से बचा सकते हैं। ये हवा में नमी को बढ़ाते हैं और मेघों को आकर्षित करते हैं, जिससे वर्षा होती है। आप दो करोड़ की कार को जब पार्किंग में खड़ा करते हैं तो किसी पेड़ की छांव ढूंढ़ते हैं। क्योंकि बिना छांव के खड़ी आपकी कार दस मिनट में भट्टी की तरह तपने लगती है। इस बार हज में जो एक हजार से ज्यादा लोग अब तक गर्मी से मरे हैं, वे शायद न मरते अगर उन्हें पेड़ों की छाया नसीब हो जाती।**

चलो वहां तो रेगिस्तान है पर भारत तो सुजलाम सुफलाम मलयज शीतलाम, शस्यश्यामलाम वाला देश है जिसका वर्णन हमारे शास्त्रों, साहित्य और इतिहास में ही नहीं चित्रकारी और मूर्तिकला में भी परिलक्षित होता है। पर दुर्भाग्य देखिए कि आज भारत भूमि तेजी से वृक्षविहीन हो रही है। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि तमाम प्रयासों के बावजूद भारत का हरित आवरण भूभाग का कुल 24.56 प्रतिशत ही है। ये सरकारी आंकड़े हैं, जमीनी हकीकत आप खुद जानते हैं। अगर हवाई जहाज से आप भारत के ऊपर उड़ें तो आपको सैकड़ों मीलों तक धूल भरी आंधियां और सूखी जमीन नजर आती है। पर्यावरण की दृष्टि से कुल भूभाग का 34 फीसद अगर हरित आवरण हो तो हमारा जीवन सुरक्षित रह सकता है। भवन निर्माताओं की अंधी दौड़, बढ़ता शहरीकरण और औद्योगीकरण, आधारभूत ढांचे को विकसित करने के लिए बड़ी-बड़ी परियोजनाएं, जंगलों के कटान के लिए जिम्मेदार हैं। मानवशास्त्र विज्ञान ने यह सिद्ध किया है कि पर्यावरण की सुरक्षा का सबसे बड़ा काम जनजातीय लोग करते हैं। वे कभी गीले पेड़ नहीं काटते, हमेशा सूखी लकड़ियां ही चुनते हैं। वृक्षों की पूजा करते हैं। पर जब खान माफिया या बड़ी परियोजना की गिद्धदृष्टि वनों पर पड़ती है तो वन ही नहीं, वन्य जीवन भी कुछ महीनों में नष्ट हो जाता है। पर्यावरण की रक्षा के लिए बने कानून और अदालतें केवल कागजों पर दिखाई देते हैं। सनातन धर्म सदा से प्रकृति की पूजा करता आया है। चिंता की बात यह है कि आज सनातन धर्म के नाम पर ही पर्यावरण का विनाश हो रहा है। समाचार पत्रों से सूचना मिली है कि कांवड़ियों के लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एक विशिष्ट मार्ग का निर्माण किया जाना है, जिसके लिए 33 हजार वृक्षों को काटा जाएगा। इससे पर्यावरणवादियों को ही नहीं, आम जन को भी बहुत चिंता है। दरअसल, उत्तर प्रदेश सरकार ने राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सूचित किया है कि गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर में फैली 111 किलोमीटर लंबी कांवड़ मार्ग परियोजना के लिए 33 हजार से अधिक पूर्ण विकसित पेड़ों और लगभग 80 हजार पौधों को काटा जाएगा। गौरतलब है कि इस परियोजना में 10 बड़े पुल, 27 छोटे पुल और एक रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण शामिल है और इस परियोजना की लागत 658 करोड़ रु पये होगी। सोचने वाली बात है कि इतनी बड़ी संख्या में पेड़ों को काटने की योजना ऐसे समय में आई है जब भारत के कई राज्य कई हफ्तों से भीषण गर्मी की चपेट में हैं। भीषण तापमान ने 200 से अधिक लोगों की जान ले ली है।उल्लेखनीय है कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा पहले यूपी सरकार को तीन जिलों में परियोजना के लिए कुल 1,10,000 पेड़-पौधों को काटने की अनुमति देने के बाद नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया है। इस मामले की अगली सुनवाई जुलाई, 2024 के लिए निर्धारित की गई है और एनजीटी ने यूपी सरकार से परियोजना का विस्तृत विवरण मांगा है, जिसमें काटे जाने वाले पेड़ों का विवरण भी शामिल है। हजारों पेड़ों की इस कदर निर्मम कटाई से क्षेत्र की पारिस्थितिकी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। तापमान में वृद्धि जारी रहेगी, बारिश का पैटर्न भी बाधित होगा और हवा और भी जहरीली हो जाएगी। हमें विकास और पारिस्थितिक संरक्षण के बीच संतुलन बनाना होगा। परियोजना की पर्यावरणीय लागत की भरपाई के लिए यूपी सरकार ने ललितपुर जिले में वनीकरण के लिए 222 हेक्टेयर भूमि की चिन्हित की है, जो इस क्षेत्र से, जहां से पेड़ काटे जाएंगे काफी दूर है। क्या यह वनीकरण, कांवड़ यात्रा मार्ग पर शुरू होने जा रही परियोजना की लागत के अनुरूप मुआवजा होगा। कुछ वन्य प्रेमी संस्थाओं ने इसका विरोध करते हुए एक ऑनलाइन याचिका भी दायर की है, जिसे हजारों लोगों का समर्थन मिल रहा है। पुरानी कहावत है कि विज्ञान की हर प्रगति प्रकृति के सामने बौनी होती है। प्रकृति एक सीमा तक मानव के अत्याचारों को सहती है पर जब उसकी सहनशीलता का अतिक्रमण हो जाता है तो वह अपना रौद्र रूप दिखा देती है। 2013 में केदारनाथ में बादल फटने के बाद उत्तराखंड में हुई भयावह तबाही और जान-माल की हानि से प्रदेश और देश की सरकार ने कुछ नहीं सीखा। आज भी वहां और अन्य प्रांतों के पहाड़ों पर तबाही का तांडव जारी है। चिंता की बात यह है कि हमारे नीति निर्धारक और सत्ताधीश इन त्रासदियों के बाद भी पहाड़ों पर इस तरह के विनाशकारी निर्माण को पूरी तरह प्रतिबंधित करने को तैयार नहीं हैं। वे आज भी समस्या के समाधान के लिए जांच समितियां या अध्ययन दल गठन करने से ही अपने कर्तव्य की पूर्ति मान लेते हैं। परिणाम होता है ढाक के वही तीन पात। खमियाजा भुगतना पड़ता है देश की जनता और देश के पर्यावरण को।

# मोदी गठबंधन पूर्व गठबंधन सरकारों से अलग

//अवधेश कुमार//

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गठबंधन सरकार ने अपना काम शुरू कर दिया है । भारत में गठबंधन सरकारों के काम करने और उसके संचालन का अनुभव बहुत अच्छा नहीं रहा है। गठबंधन में सरकार का नेतृत्व करने वाले दल और नेता पर साथी दल अधिक से अधिक मंत्री बनाने और जिन्हें वो चाहते हैं उन्हें मंत्री के रूप में स्वीकार करने तथा बाद में अपने अनुसार नीतियां बनवाने या बदलवाने के लिए दबाव डालते रहें। अपनी बात न मानने पर समर्थन वापसी तथा सरकार के अस्थिर होने, गिर जाने, कमजोर हो जाने की घटनाएं भी हमने देखी हैं। जानते और चाहते हुए भी कई बार प्रधानमंत्री को नीतियों के स्तर पर वैसे कदम उठाने से स्वयं को रोकना पड़ा या उठाए हुए कदम वापस लेने पड़े जो देश के लिए आवश्यक थे। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार के दौरान ऐसी कई घटनाएं हुई।**

इसमें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली वर्तमान गठबंधन सरकार को लेकर कोई आशंका उठती है तो उसे इस पृष्ठभूमि में तत्काल खारिज भी नहीं किया जा सकता। हालांकि विपक्ष इसे कमजोर व लंगड़ी सरकार बता रहा है, प्रधानमंत्री मोदी के बारे में यह टिप्पणी कर रहा है कि वे शेर से बकरी हो गए हैं तो उससे पूछा जाना चाहिए कि इसके समानांतर अगर सत्ता में वे आते तो उनकी सरकार कैसी होती। कम से कम इस सरकार में एक इतनी बड़ी पार्टी है जिसके आसपास भी कोई दल नहीं। राहुल गांधी जी के शब्दों में अगर यह क्रिपल्ड सरकार है तो 'इंडिया' की सरकार क्या ठोस चट्टान वाली होती।

कहने का तात्पर्य कि हमें आशंकाओं या विपक्ष की अतिवादी आलोचनाओं में जाने की जगह वास्तविकताओं के आधार पर इसके वर्तमान एवं भविष्य का आकलन करना चाहिए। इस प्रश्न का उत्तर तलाशना चाहिए कि आखिर अब मंत्रिमंडल गठन के बाद सरकार कैसे काम करेगी? सरकार की दिशा और दशा क्या होगी। यह बात सही है कि हमने पिछले 10 वर्षों में ऐसी मोदी सरकार देखी है जिसके पास अपनी भाजपा का बहुमत था और ऐसे बड़े फैसले हुए, कदम उठाए गए, संवैधानिक-प्रशासनिक एवं नीतियों के स्तर पर ऐसे आमूल बदलाव के निर्णय हुए जिनकी पहले कल्पना नहीं थी। स्वयं सरकार को और देश को 10 वर्षों के इस अभ्यास से बाहर निकालना कठिन होगा, लेकिन क्या वाकई इससे बाहर निकालने की अभी ही आवश्यकता महसूस होती है या संभावना दिखाई देती है।

ध्यान रखिए कि पूर्व की गठबंधन सरकारों की तरह इस सरकार के गठन, मंत्रियों को सरकार में लेने या विभागों के बंटवारे में किसी तरह का खींचतान हमारे सामने नहीं आया। यह अन्य गठबंधन सरकारों से इसे अलग करता है। 72 सदस्यीय मंत्रिमंडल में साथी दलों के 11 मंत्रियों का होना ऐसी संख्या नहीं है जिसे लेकर इस आरोप को स्वीकार कर लिया जाए कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह पर साथी दलों का बहुत ज्यादा दबाव था। दूसरे, विभागों के बंटवारे में भी देखें तो जिन्हें जो मिला उसे लेकर कम से कम सार्वजनिक स्तर पर किसी ने भी अपना असंतोष प्रकट नहीं किया है। ज्यादातर का बयान यही है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश को विश्व की शीर्ष शक्ति बनाने के लिए काम कर रहे हैं।

गठबंधन सरकारों में साथी दलों के नेता इस तरह बेहिचक प्रधानमंत्री का नाम नहीं लेते थे। तीसरे, इस सरकार की सबसे बड़ी विशेषता है, शीर्ष मंत्रालयों में फेरबदल न होना। आप देख लीजिए प्रधानमंत्री के बाद गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, वित्त मंत्रालय , विदेश मंत्रालय यहां तक कि शिक्षा मंत्रालय, सड़क परिवहन मंत्रालय आदि उन्हीं वरिष्ठ मंत्रियों के हाथ में है। सरकार गठन के पहले मीडिया में साथी दलों द्वारा अलग-अलग मंत्रालयों के मांग की अटकलें आ रही थी, जिनमें बिहार द्वारा रेल मंत्रालय की मांग शामिल थी। हालांकि इसकी कहीं से पुष्टि नहीं हुई। कहने का यह अर्थ नहीं कि साथी दलों की अपनी राजनीतिक आवश्यकताओं और महत्त्वाकांक्षाओं के अनुरूप चाहत नहीं होगी और उन्होंने प्रधानमंत्री या अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं के समक्ष अपनी बात रखी ही नहीं होगी। आगे भी वह अपनी बात नहीं रखेंगे ऐसा मानने का कोई कारण नहीं है। मूल बात है जिद पर अड़ना और सरकार को मजबूर करके अपने अनुकूल निर्णय बदलवा लेना। उदाहरण के लिए यूपीए सरकार में तृणमूल कांग्रेस की ओर से रेल मंत्री बने दिनेश त्रिवेदी ने अपने बजट में यात्रियों का जैसे ही किराया बढ़ाया ममता बनर्जी बिफर गई। उन्होंने न केवल बजट में परिवर्तन करने बल्कि रेल मंत्रालय से हटाने का फरमान सुनाया और मनमोहन सरकार को ऐसा ही करना पड़ा। कम से कम वह स्थिति इस समय सरकार में नहीं दिख रही है। इसी तरह किसी सरकार के नेतृत्वकर्ता की अपनी आभा, देश और काम के प्रति समर्पण तथा उसका दृष्टिकोण व लक्ष्य सबसे ज्यादा प्रभावकारी होता है। इस मायने में प्रधानमंत्री मोदी का नेतृत्व अन्य कई प्रधानमंत्रियों से अलग है। साथी दलों में जद (यू) और तेलुगू देशम पहले भी केंद्र और प्रदेश में साथ काम कर चुकी है। उन्हें पता है कि प्रधानमंत्री देश के लिए व्यापक विजन रखते हैं उसमें सभी राज्यों के विकास की उनकी कल्पना है। तो उन्हें नीतियों को लेकर कोई संभ्रम नहीं होगा। वैसे, आमतौर पर गठबंधन सरकारों में यह मांग होती है कि कॉमन मिनिमम प्रोग्राम यानी समान न्यूनतम कार्यक्रम बनाकर आगे काम किया जाए। न राजग के नेताओं ने चुनाव में जाने के पहले ऐसी मांग की और न सरकार गठन के पूर्व। भाजपा को बहुमत न मिलने के बाद उनके पास इसका अवसर था और वैसा कर सकते थे। अगर उन्होंने मांग नहीं किया तो इसका अर्थ यही है कि पूर्व सरकार की ओर से जो एजेंडा रखा गया है उससे वह सहमत हैं। यह भी ध्यान रखिए कि भाजपा ने पिछले 10 सालों में अपने हिंदुत्व व राष्ट्रवाद संबंधी एजेंडा पर खुलकर काम किया है और शेष कार्यों के लिए उन्होंने घोषणाएं भी की है। इस समय भविष्य की तस्वीर के बारे में निश्चिंतता के साथ पूरी तरह भविष्य की तस्वीर बनाने की बजाय हमें थोड़ी प्रतीक्षा करनी चाहिए। हां , इतना अवश्य कहा जा सकता है कि पूर्व की गठबंधन सरकारों से वर्तमान मोदी गठबंधन सरकार अपने चरित्र, आंतरिक संरचना व सामूहिक मनोविज्ञान आदि के स्तर पर काफी हद तक अलग है।

# समाज सेवा करते करते राष्ट्रीय राजनीति के फलक पर छाने वाले ओम बिरला का जीवन बड़ा प्रेरक है

ओम बिरला में ऐसा क्या है जो उन्हें लगातार दूसरी बार लोकसभा के अध्यक्ष जैसी बड़ी जिम्मेदारी पर पहुंचाता है। अपने कोटा शहर में जरूरतमंद लोगों को कपड़े, दवाएं, भोजन पहुंचाते-पहुंचाते बिरला कब राष्ट्रीय राजनीति के सितारे बन गए, यह एक अद्भुत कहानी है। प्रधानमंत्री ने सदन में उनके द्वारा चलाए जा रहे अनेक सामाजिक कार्यों की चर्चा की। उनकी सरलता,सहजता और सदन चलाने की उनकी क्षमताएं प्रमाणित हैं। अब जब वे ध्वनिमत से लोकसभा के अध्यक्ष चुने जा चुके हैं, तब उन पर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आन पड़ी है। यह भी शुभ रहा कि कांग्रेस ने प्रारंभिक चर्चाओं के बाद भी मत विभाजन की मांग नहीं की और उनका चयन सर्वसम्मत से हुआ। इससे संसद की गरिमा बनी और परंपराओं का पालन हुआ है। उम्मीद की जानी चाहिए आने वाले समय में लोकसभा ज्यादा बेहतर तरीके से अपने कामों को अंजाम दे सकेगी। श्री बलराम जाखड़ के बाद वे दूसरे ऐसे सांसद हैं, जिन्होंने यह गरिमामय पद दुबारा संभाला है। इस बात को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि नए सांसदों को बिरला से सीखना चाहिए। मोदी ने कहा कि संसद 140 करोड़ देशवासियों की आशा का केंद्र है। सदन में आचरण और नियमों का पालन जरूरी है। सदन की गरिमा और परंपराओं का पालन अध्यक्ष की बहुत महती जिम्मेदारी है। उम्मीद की जानी चाहिए कि संसद में लोकसभा अध्यक्ष के रूप में बिरला जी का यह कार्यकाल उदाहरण बनेगा। जहां गंभीर बहसें होंगी और शासकीय काम के साथ विमर्शों का नया आकाश खुलेगा। राजस्थान के कोटा जिले में 23 नवंबर,1962 को जन्में ओम बिरला का समूचा राजनीतिक और सावर्जनिक जीवन सेवा, समर्पण और उससे उपजी सफलताओं से बना है। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के रूप में काम प्रारंभ कर वे राजस्थान में युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे 2003, 2008 और 2013 में तीन बार राजस्थान विधानसभा में विधायक निर्वाचित किए गए। 2014 से वे लगातार तीसरी बार लोकसभा पहुंचे हैं। इस तरह वे एक सफल जनप्रतिनिधि के रूप में कोटा के लोगों का दिल जीतते रहे हैं।

17 वीं लोकसभा में अध्यक्ष चुने जाते ही वे राष्ट्रीय फलक पर छा गए। अपने तमाम फैसलों की तरह उस समय नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक विश्लेषकों को चौंकाते हुए बिरला के नाम का प्रस्ताव रखा था। किंतु अपनी सौजन्यता, कुशल सदन संचालन और लोकसभा उपाध्यक्ष का चुनाव न होने के बाद भी अकेले वरिष्ठ सांसदों के पैनल के आधार उन्होंने सदन चलाया । उनका सहज अंदाज और हल्की मुस्कान,मीठी डांट से सदन को चलाने का तरीका उन्हें इस बार इस पद का स्वाभाविक उत्तराधिकारी बना चुका था। अब कोटा की स्थानीय राजनीति से राष्ट्रीय फलक पर आए बिरला सदन की उपलब्धि बन चुके हैं। बिरला राजनीति में आने से पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े थे। उनके मन में समाजसेवा की भावना इसी संगठन से उपजी और वे विविध प्रकल्पों के माध्यम से इसी काम में रम गए। उन्होंने अपने क्षेत्र में 2012 में परिधान नाम कल्याणकारी कार्यक्रम प्रारंभ किया।

## तस्वीरों की दुनिया



नई दिल्ली में 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान संसद भवन में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, जितिन प्रसाद और सर्बानंद सोनोवाल के साथ।



नई दिल्ली में 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान संसद भवन में गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी।




आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने अन्य पार्टी सांसदों के साथ नई दिल्ली में 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान संसद भवन में ईडी, सीबीआई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।



नई दिल्ली में 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान संसद भवन में टीएमसी सांसद महुआ और भाजपा सांसद साक्षी महाराज।



नई दिल्ली में 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान संसद भवन में टीएमसी सांसद सागरिका घोष और सुष्मिता देव।



नई दिल्ली में 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान संसद भवन में समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव।



भाजपा सांसद कंगना रनौत नई दिल्ली में 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान संसद भवन पहुंचीं।

# आपातकाल की चर्चा पर भड़की कांग्रेस, बिरला से मिले राहुल गांधी, वेणुगोपाल ने चिट्ठी में जताई आपत्ति



**नईदिल्ली, 28 जून [एजेंसी]।**

18वीं लोकसभा के पहले सत्र के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आपातकाल का जिक्र कर उसे काला दिवस बताया। अब इस मामले पर कांग्रेस लगातार विरोध कर रही है। इसी संदर्भ में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ओम बिरला से मुलाकात की। राहुल गांधी ने सदन में अध्यक्ष द्वारा आपातकाल के जिक्र को स्पष्ट रूप से राजनीतिक करार दिया। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष को इससे बचना चाहिए था। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष के साथ हुई बैठक के बाद पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकसभा स्पीकर के साथ मुलाकात एक शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान अध्यक्ष ओम बिरला ने राहुल गांधी को विपक्ष का नेता घोषित किया। केसी वेणुगोपाल से जब इस बारे में पूछा गया कि क्या लोकसभा अध्यक्ष के साथ हुई मुलाकात के दौरान राहुल गांधी ने सदन में उठे इमरजेंसी के मुद्दे का जिक्र किया, जिस पर उन्होंने कहा कि हमने संसद के कामकाज सहित अन्य कई मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान यह भी मुद्दा उठा। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष से इंडी गठबंधन के कई नेताओं ने भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर राहुल गांधी ने आपातकाल के बारे में अध्यक्ष को जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि सदन में आपातकाल का जिक्र करना स्पष्ट रूप से एक राजनीतिक है और इसे टाला जा सकता था। वहीं, बैठक के बाद भी कांग्रेस लगातार इस मुद्दे पर विरोध कर रही है। वेणुगोपाल ने भी इस मसले पर ओम बिरला को पत्र लिखा। उन्होंने इस दौरान पदभार ग्रहण करने के बाद अपने पहले कार्य के रूप में आपातकाल पर प्रस्ताव लाने पर कांग्रेस की ओर से नाराजगी जताई। लोकसभा ओम बिरला को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि 26 जून को सदन में जो भी कुछ हुआ वह बहुत ही चौंकाने वाला है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष द्वारा आपातकाल के जिक्र को राजनीति से प्रेरित बताया।

## ओखला फेज 2 में एक फैक्ट्री में लगी जबरदस्त आग, दूर से दिख रही लपटों ने दहलाया दिल

**नई दिल्ली 28 जून।** दिल्ली के ओखला फेज 2 में एक फैक्ट्री में कल देर रात आग लग गई। आग इतनी भीषण है कि काफी दूर से भी उसकी लपटें देखीं जा सकती हैं। आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन अभियान मौके पर पहुंची। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंची। इस घटना में अभी तक किसी तरह के नुकसान की खबर सामने नहीं आई है। कि फैक्ट्री से आग की जबरदस्त लपटें निकल रही है।

## राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान भी संसद में तल्खी खूब हुआ शोर-शराबा, टोकाटाकी से असहज दिखीं मुर्मु



**नई दिल्ली।** सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच लगातार बढ़ रही तनातनी का असर राष्ट्रपति के अभिभाषण समारोह पर भी दिखने लगा है। यूं तो पिछले कुछ वर्षों से लगातार विपक्ष की ओर से राष्ट्रपति अभिभाषण के बीच भी टिप्पणियां की जाने लगी है, लेकिन इस बार यह भी सीमा पार गया। विपक्ष ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जमकर टोकाटाकी और हूटिंग की। एक समय तो राष्ट्रपति भी उनकी टोकाटाकी से विचलित दिखी और उन्हें कहना पड़ा कि सुनिए-सुनिए। बावजूद इसके विपक्ष अपने रवैए पर अड़ा दिखा। वहीं, सत्ता पक्ष राष्ट्रपति के अभिभाषण के हर शब्द पर मेज थपथपाता दिखा। करीब 50 मिनट के इस अभिभाषण में उसकी ओर से 40 मिनट तक रुक रुक कर मेजें थपथपाई गई। चुनाव नतीजों के बाद से ही विपक्ष की हर कोशिश है कि सरकार पर दबाव बढ़ाया जाए, जबकि संख्या बल में बहुमत के साथ आया राजग यह संदेश देने से नहीं चूक रहा कि जनता ने उन्हें जनादेश दिया है। यही कारण है कि बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष के चुनाव के बाद दिखी तल्खी गुरुवार को राष्ट्रपति अभिभाषण में भी खुलकर झलकी।अभिभाषण में जैसे ही सरकार के तीसरी बार जीत कर आने का जिक्र हुआ तो विपक्ष ने तुरंत ही हूटिंग शुरू कर दी। इसके बाद तो विपक्ष ने सिलसिलेवार तरीके से नॉर्थ-ईस्ट, सेना को सशक्त बनाने, युवा भारत, परीक्षाओं में सुधार, सीएए, जी-20 और आपातकाल आदि के जिक्र के दौरान हूटिंग और टोकाटाकी।

## ऐसे काम करती है विवादों में घिरी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी



**नईदिल्ली, 28 जून [एजेंसी]।**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर विवादों में घिरी है। एजेंसी के महानिदेशक को पिछले हफ्ते हटा दिया गया। एजेंसी के परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार की जरूरत को दखते हुए एक उच्च स्तरीय पैनल इसके कामकाज की समीक्षा कर रहा है। पैनल दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। आईए जानते हैं कि यह एजेंसी कैसे काम करती है..एनटीए का गठन अमेरिका की इटीएस (एडुकेशनल टेस्टिंग सर्विस) के तर्ज पर किया गया था। इसकी स्थापना का विचार सबसे पहले 1992 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 से संबंधित कार्य योजना में सामने आया था। इसमें राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा एजेंसी के गठन की सिफारिश की गई थी। 2010 में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) के निदेशकों वाली एक समिति ने स्वायत्तता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कानून के माध्यम से एजेंसी की स्थापना की सिफारिश की। 2017 में एनटीए की स्थापना की घोषणा हुई, जिसके बाद कैबिनेट ने इसे मंजूरी दे दी। एनटीए तीन शीर्ष स्नातक प्रवेश परीक्षाएं आयोजित करती है इसमें इंजीनियरिंग के लिए जेईई-मेन, चिकित्सा के लिए नीट-यूजी और कई अन्य स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीयूईटी-यूजी परीक्षाएं शामिल हैं। स्नातकोत्तर प्रवेश के लिए एजेंसी सीयूईटी-पीजी, यूजीसी-नेट और सीएसआईआर यूजीसी-नेट आयोजित करती है। इसके अलावा एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में कॉमन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट (सीएमएटी), होटल प्रबंधन संयुक्त प्रवेश परीक्षा, ग्रेजुएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट और दिल्ली विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के लिए प्रवेश परीक्षाएं भी शामिल हैं।

## 24 साल में किसी भी सरकार ने नहीं डाला दबाव..., सीजेआई चंद्रचूड़ बोले- भारत में सबसे कम है जजों की संख्या

**नईदिल्ली, 28 जून [एजेंसी]।**



प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि जज के रूप में 24 साल के कार्यकाल में उन्हें कभी किसी सरकार की ओर से राजनीतिक दबाव का सामना नहीं करना पड़ा। ऑक्सफोर्ड यूनियन द्वारा आयोजित सत्र के दौरान प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि भारत में अदालतें तात्कालिक भावनाओं के बजाय संवैधानिक व्यवस्था पर आधारित परंपराओं के आधार पर निर्णय सुनाती हैं। जजों को इस तरह से निर्णय लेने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, मैं 24 वर्षों से न्यायाधीश के रूप में कार्यरत हूं। मैंने कभी भी सरकार से राजनीतिक दबाव का सामना नहीं किया है। भारत में हम जिन लोकतांत्रिक परंपराओं का पालन करते हैं उनमें यह भी शामिल है कि हम सरकार की राजनीतिक शाखा से स्वतंत्र हैं।

जब संवैधानिक मामलों पर निर्णय ले रहे हों, तो जजों को व्यापक रूप से राजनीति पर अपने निर्णयों के प्रभाव से परिचित होना चाहिए। मेरा मानना है कि यह राजनीतिक दबाव नहीं है। प्रधान न्यायाधीश सामाजिक दबाव के बारे में उन्होंने कहा कि जज अक्सर अपने निर्णयों के सामाजिक प्रभाव के बारे में सोचते हैं। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि हमारे द्वारा तय किए गए कई मामलों में समाज पर गहरा असर पड़ता है। जज के रूप में मेरा मानना है कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपने निर्णयों के सामाजिक व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जागरूक रहें। अदालतों में लंबित मामलों के मुद्दे को स्वीकार करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में जनसंख्या के अनुपात में जजों की संख्या दुनिया में सबसे कम है। उन्होंने कहा, हमें अधिक जजों की आवश्यकता है।

हम सभी स्तरों पर न्यायपालिका की ताकत बढ़ाने के लिए सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं। इंटरनेट मीडिया के मुद्दे पर जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि यह वास्तविकता है। जजों द्वारा कही गई हर टिप्पणी इंटरनेट मीडिया पर बताई जाती है। यह ऐसी चीज है जिसे हमें रोकने की जरूरत नहीं है। हम इसे रोक भी नहीं सकते हैं। जाहिर है कभी-कभी आलोचना उचित होती है, कभी-कभी आलोचना उचित नहीं होती है। लेकिन मेरा मानना है कि जजों के रूप में हमारे कंधे इतने मजबूत हैं कि हम लोगों द्वारा हमारे काम की आलोचना को स्वीकार कर सकते हैं।

## यह सब आपकी निगरानी में... दिल्ली में औवेसी के घर पर फेंकी गई स्याही

**AIMIM चीफ ने गुस्से में इन दो नेताओं पर साधा निशाना**



**नईदिल्ली, 28 जून [एजेंसी]।**

लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने गुरुवार को दावा किया दिल्ली स्थित उनके आवास पर स्याही फेंकी गई। कुछ अज्ञात लोगों ने उनके आवास पर स्याही फेंकी। ओवैसी ने एक्स पर लिखा, आज कुछ अज्ञात बदमाशों ने मेरे घर पर काली स्याही फेंक दी. अब मैं गिनती ही भूल गया हूं कि मेरे दिल्ली स्थित घर को कितनी बार निशाना बनाया गया है। जब मैंने दिल्ली पुलिस के अधिकारियों से पूछा कि उनकी नाक के नीचे यह सब कैसे हो रहा है, तो उन्होंने अपनी बेबसी जाहिर की। गौरतलब है कि लोकसभा सांसद ने इस पोस्ट में गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भी टैग किया। उन्होंने लिखा, यह सब आपकी (गृह मंत्री) निगरानी में हो रहा है। उन्होंने ओम बिरला को टैग करते हुए कहा कि कृपया हमें बताएं कि सांसदों की सुरक्षा की गारंटी होगी या नहीं।मेरा सामना करने के लिए हिम्मत जुटाओओवैसी ने आगे कहा, सांसद ने कहा कि मेरे घर को निशाना बनाने वाले दो कौड़ी के गुंडों से मैं नहीं डरता। सावरकर-प्रकार की यह कायरतापूर्ण हरकत बंद करो और मेरा सामना करने के लिए हिम्मत जुटाओ। स्याही फेंकने या पत्थरबाजी करने के बाद भाग मत जाना। कुछ दिनों पहले लोकसभा में सांसद की सदस्यता की शपथ लेने के बाद उन्होंने जय फिलिस्तीन का नारा लगाया था, जिस पर सियासी बवाल मचा। भाजपा के कई नेताओं ने ओवैसी पर निशाना साधा।बताते चलें कि दिल्ली के अशोका रोड के नजदीक उनका घर है। पिछले साल भी अगस्त महीने में उनके आवास पर कुछ लोगों ने पत्थरबाजी किया था।

## बंगाल में नहीं थम रहा TMC का आतंक! भाजपा महिला मोर्चा सदस्य की निर्वस्त्र कर पिटाई, पुलिस ने चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कूचबिहार , 28 जून [एजेंसी]।**



बंगाल के कूचबिहार जिले में 25 जून को भाजपा महिला मोर्चा सदस्य की निर्वस्त्र कर पिटाई की गई। इसका आरोप तृणमूल कांग्रेस समर्थकों पर लगा है। पिटाई से महिला की हालत गंभीर है और वह अभी अस्पताल में भर्ती है। इसकी शिकायत देर से दर्ज कराई गई है।आरोप है कि तृणमूल के लोगों ने थाने में शिकायत नहीं दर्ज कराने का दबाव बनाया था। जब महिला की तबीयत बिगड़ी तो स्वजन ने थाने में शिकायत दर्ज करा दी। पुलिस ने बताया कि परिवार की शिकायत के आधार पर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पीड़ित महिला के स्वजन ने इसकी शिकायत राज्य पुलिस के डीजी से भी की है। गुरुवार को चारों आरोपितों को कोर्ट में पेश किया गया। मुख्य आरोपित शफीकुल मियां और मोहम्मद अली को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। दो अन्य आरोपित को जमानत दे दी गई। पुलिस बाकियों की तलाश कर रही है। लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद से ही कूचबिहार में हिंसा की घटनाएं लगातार हो रही है। बताया जा रहा है कि 25 जून को जब महिला खेत में काम करने जा रही थी तो तृणमूल के लोगों ने उसे रोका। भाजपा में रहने के कारण उसकी जमकर पिटाई की और निर्वस्त्र कर दिया। उसके साथ बर्बरता के भी आरोप हैं। महिला को निर्वस्त्र अवस्था में घसीटकर उसके घर तक लाया गया। भाजपा ने इस घटना के लिए तृणमूल को जिम्मेदार ठहराया है।दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस ने इन आरोपों से इंकार किया है।

## आइसक्रीम में इंसानी अंगूली मामले में हुआ खुलासा, मशीन ऑपरेटर का ही था अंगूठे का टुकड़ा

**मुंबई, 28 जून [एजेंसी]।**



मलाड में यम्मो आइसक्रीम कोन में मिला अंगूठे का टुकड़ा इंदापुर, पुणे की नेचुरल डेयरी कंपनी के मशीन ऑपरेटर ओमकार पोते की थी। डीएनए परीक्षण में इसकी पुष्टि हुई। सूत्रों के अनुसार पुलिस ने पिछले सप्ताह ओमकार के खून के नमूने को आइसक्रीम कोन में मिले अंगूठे के टुकड़े के साथ डीएनए परीक्षण के लिए फोरेंसिक प्रयोगशाला में भेजा था।गुरुवार को मिली डीएनए परीक्षण की रिपोर्ट ओमकार के खून के नमूने से मेल खाती हैं। रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि अंगूठा घटना वाले दिन ही कटा था। रिपोर्ट से पता चला कि ओमकार को कोई गंभीर बीमारी नहीं थी।अब यह पता लगाया जाएगा कि इस घटना के लिए मूल कंपनी वाल्को फूड कंपनी लिमिटेड जिम्मेदार है या इसके लिए नेचुरल डेयरी के अधिकारी जिम्मेदार हैं। दोनों कंपनियों के बीच हुए समझौते में निर्धारित नियमों-शर्तों की जांच की जाएगी। नेचुरल डेयरी थर्ड पार्टी के तौर पर आईसक्रीम बनाती थी।गौरतलब है कि मलाड निवासी और पेशे से डॉक्टर ब्रेंडन फेराओ ने हाल ही में ई-कॉमर्स एप के जरिये आइसक्रीम मंगाई थी। जब वह आइसक्रीम खाने लगे तो च्युइंग गम जैसा महसूस हुआ। आइसक्रीम का हिस्सा हटाया, तो उसमें अंगूठे का टुकड़ा था।

**बीएस येदियुरप्पा की बढ़ी मुसीबत!**

## नाबालिग से गलत हरकत पर पॉक्सो एक्ट में आरोप पत्र दाखिल

**बेंगलुरू, 28 जून [एजेंसी]।**



कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा पर लगे छेड़छाड़ के आरोपों की जांच कर रही सीआईडी ने गुरुवार को पाक्सो मामलों की एक विशेष अदालत में आरोप पत्र दायर किया है। गौरतलब है कि मार्च में सदाशिवनगर पुलिस ने भाजपा नेता के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया था, जिसके बाद कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन ने मामला विस्तृत जांच के लिए सीआईडी को भेज दिया था।

यह मामला 17 वर्षीय लड़की की मां की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था, जिसने आरोप लगाया था कि येदियुरप्पा ने इस साल दो फरवरी को डॉलर्स कॉलोनी स्थित अपने आवास पर एक बैठक के दौरान उसकी बेटी से छेड़छाड़ की थी।येदियुरप्पा ने आरोप से इनकार किया है और कहा है कि लोग मेरे खिलाफ साजिश रचने वालों को सबक सिखाएंगे। येदियुरप्पा पर आरोप लगाने वाली 54 वर्षीय महिला की पिछले महीने फेफड़ों के कैंसर के कारण एक प्राइवेट अस्पताल में मौत हो गई थी।

## नीतीश कुमार लेने जा रहे बड़ा फैसला, बिहार से लेकर दिल्ली तक हलचल तेज, 48 घंटे बाद...



**पटना, 28 जून [एजेंसी]।**

दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब मे 29 जून को होने वाली जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के पूर्व अब उसी दिन पार्टी के राष्ट्रीय पदाधिकारियों की भी बैठक होगी। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के निर्देश पर यह निर्णय लिया गया है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सुबह 11 बजे से होनी है। तय कार्यक्रम के अनुसार, सुबह 10 बजे से राष्ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक होगी। नीतीश कुमार शुक्रवार को इन बैठकों में शामिल होने के लिए दिल्ली रवाना होंगे।दिल्ली में हो रही जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को पार्टी के लोगों द्वारा रुटीन प्रक्रिया बताया जा रहा पर पिछले दो-तीन बार से नीतीश कुमार की सहमति से कुछ नया होता रहा है। एक बार राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में उन्होंने आरसीपी सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष बना दिया। दूसरी बार राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान सौंपी तो तीसरी बार ललन सिंह की जगह नीतीश कुमार को पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की कमान सौंप दी। पिछली बार हुए फैसले की चर्चा राजनीतिक गलियारे में थी पर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने इससे इनकार किया था। इस बार यह चर्चा है कि नीतीश कुमार किसी को जदयू का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंप सकते हैं। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी इससे इनकार कर रहे। यह कहा जा रहा कि पिछले वर्ष दिसंबर में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक हुई थी। यह बैठक पहले से तय थी।जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में संपन्न हुए आम चुनाव की भी समीक्षा होगी। जदयू की प्रदेश इकाई ने चुनाव संपन्न होने के बाद इसका अध्ययन कराया था। जदयू ने 16 सीटों पर अपने प्रत्याशी दिए थे जिनमें 12 सीटों पर उसे सफलता मिली। राष्ट्रीय कार्यकारिणी में इन सभी 16 सीटों की रिपोर्ट के आधार पर यह विमर्श होगा कि पार्टी का कोर वोट बैंक किस तरह से उनके पक्ष में सक्रिय रहा।

इसी तरह घटक दलों से उन्हें किस तरह की मदद मिली। आम चुनाव के बाद अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर भी राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भी चर्चा होगी। पार्टी के सांसदों को भी इस बाबत टास्क दिया जाएगा। राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में इस विषय पर भी चर्चा होगी कि केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल जदयू मंत्री किस प्राथमिकता के तहत अपना काम करेंगे।

## राजनीति में कुछ भी..., झारखंड में चुनाव से पहले बड़े खेल की तैयारी, नीतीश से पटना में मिले दिग्गज नेता

**रांची 28 जून ।** राज्य में विधानसभा चुनाव होने में भले ही अभी चार माह शेष है, लेकिन राजनीतिक दांव-पेंच आरंभ हो गया है। इस कड़ी में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्य सरकार के पूर्व मंत्री एवं जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय की मुलाकात से राजनीतिक गलियारे में सुगबुगाहट बढ़ गई है। पटना स्थित मुख्यमंत्री आवास में दोनों नेताओं के बीच हुई मुलाकात में राजनीतिक स्थितियों पर चर्चा हुई। इस दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इच्छा प्रकट की कि सरयू राय जनता दल (यूनाइटेड) में शामिल हो जाएं। उल्लेखनीय है कि सरयू राय ने पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर जमशेदपुर पूर्वी से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था।उनका मुकाबला तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के था। उन्होंने रघुवर दास को हराकर राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरी। उस चुनाव में भी नीतीश कुमार ने उनका समर्थन किया था। दोनों नेताओं के बीच छात्र जीवन से ही गहरी दोस्ती है। जदयू अभी भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का हिस्सा है। ऐसे में अगर सरयू राय जदयू में शामिल हो जाते हैं तो आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें भाजपा का समर्थन मिल सकता है।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के संदर्भ में सरयू राय ने कहा कि वे पुराने साथी हैं और अक्सर दोनों के बीच मुलाकात होती रहती है।

## बंगाल में चला बीजेपी कार्यालय पर बुलडोजर सीएम ममता के निर्देश पर हुई कार्रवाई



**कोलकाता, 28 जून ।**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देश पर प्रशासन की ओर से अवैध निर्माण के खिलाफ की जा रही कार्रवाई के तहत कोलकाता के तारातल्ला इलाके में स्थित भाजपा के कार्यालय पर भी बुलडोजर चला है। पुलिस ने स्थानीय कुछ भाजपा नेताओं को भी हिरासत में लिया है। पुलिस का कहना है कि उक्त कार्यालय का अवैध तरीके से निर्माण किया गया है जबकि स्थानीय भाजपा नेताओं का आरोप है कि उनका कार्यालय वर्षों पुराना है। पुलिस ने गलत इरादे से इसे तोड़ा है।

मुख्यमंत्री ने गत सोमवार को राज्य सचिवालय में बैठक कर सरकारी भूमि पर कब्जे, अवैध निर्माण, फुटपाथों के अतिक्रमण, जलजमाव, गंदगी इत्यादि को लेकर मंत्री-पार्षद, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, नगर निकायों व पंचायतों के प्रमुखों तक सबको उनकी निष्क्रियता पर कड़ी फटकार लगाई थी और कई निर्देश दिए थे। सीएम ममता ने कड़े शब्दों में कहा था कि सरकारी जमीन किसी की निजी संपत्ति नहीं है, जो उनपर कब्जा कर लिया जा रहा है। दूसरी तरफ पुलिस कोलकाता के हाथीबगान, मानिकतल्ला, गरियाहाट, न्यू मार्केट समेत विभिन्न इलाकों में सरकारी जमीन पर कब्जे के मामलों की समीक्षा कर रही है। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जा रही है।

# खाते वक्त बंद कर दें अपना फोन, वरना शरीर में आ सकती हैं कई खतरनाक बीमारियां



हर पल साथ रहने वाला फोन ही हमें बीमार बना रहा है. इसकी वजह से कई तरह की समस्याएं हो रही हैं. इतना ही नहीं पेट में भी एक खतरनाक बीमारी फैल रही है. एक्सपर्ट्स के मुताबिक, आजकल हम अपने गैजेट्स हर जगह लेकर जाते हैं. यहां तक कि बाथरूम में भी इसे नहीं छोड़ते हैं. जिसकी वजह से गैजेट्स पर कई बैक्टीरिया पाए गए हैं, जिनसे बीमारियां फैल सकती हैं.

फोन से हमेशा हीट निकलती है, ऐसे में यह बैक्टीरिया के लिए सबसे सुरक्षित जगह होती है. स्क्रीन पर बैक्टीरिया के अलावा वायरस, फंगी और प्रोटोजोआ भी जम जाते हैं, जिनसे डायरिया, फूड पॉइजनिंग, सांस की बीमारी और स्किन इंफेक्शन का खतरा हो सकता है.

किन-किन लोगों को खतरा

फिटनेस ट्रैक करने के लिए स्मार्ट वॉच पहनने वालों को भी सावधान रहना चाहिए. इसके बैंड और स्क्रीन पर भी कई तरह के खतरनाक बैक्टीरिया पो जाते हैं, जो स्किन इंफेक्शन, टॉक्सिक शॉक सिंड्रोम, ब्लड, लंग्स में निमोनिया या अन्य अंगों में इंफेक्शन और दस्त की वजह बन सकते हैं. ऐसे लोग जिनकी इम्यूनिटी कमजोर है, उन्हें सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचता है. कई-कई घंटों तक ईयरफोन या ईयरपॉड पहने रहने से कान का तापमान और नमी बढ़ जाती है, जिससे संक्रमण का रिस्क रहता है.

फूड इंफेक्शन होने का डर

स्मार्टफोन की सतह पर स्टैफिलोकोकस ऑरियस नाम का जीवाणु मिलता है. इसे स्टैफ भी कहा जाता है, जो स्किन इंफेक्शन को बढ़ा सकता है.

इस बैक्टीरिया के संपर्क में आने से फूड पॉइजनिंग का खतरा भी रहता है, इसलिए खाने के समय गैजेट्स का इस्तेमाल बिल्कुल भी न करें, क्योंकि गैजेट्स के जरिए बैक्टीरिया हाथ, चेहरे और मुंह तक आसानी से पहुंच सकता है.

पेट और यूटीआई के लिए जोखिम भरा

फोन या गैजेट्स पर एस्चेरिचिया कोलाई या ई-कोलाई नाम के बैक्टीरिया भी पाए जाते हैं, जो गंभीर संक्रमण पैदा कर सकते हैं. इसकी वजह से गंभीर दस्त, यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन और किडनी की बीमारी हो सकती है. स्ट्रेप्टोकोकस पायोजेन्स बैक्टीरिया गले और स्किन इंफेक्शन को बढ़ा सकता है.

ये फोन की सतहों पर लंबे समय तक जिंदा रहते हैं. इससे इनके फैलने का खतरा भी ज्यादा होता है. फोन पर स्यूडोमोनस ऐरुगिनोसा बैक्टीरिया भी पाया जाता है, जो सांस में इंफेक्शन, यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन और ब्लड इंफेक्शन का कारण बन सकता है.

फोन को लेकर क्या सावधानी बरतें

एक रिसर्च के मुताबिक, 26 मोबाइल फोन पर 11,163 माइक्रो जीव पाए गए हैं, जो खतरनाक तरह की बीमारियों का कारण बन सकते हैं. इससे बचने के लिए कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए. गैजेट की स्क्रीन और बैक कवर को माइक्रोफाइबर कपड़े या अल्कोहल वाइप्स से रोजाना सही तरह से साफ करें.

बाथरूम या गंदी जगहों पर फोन का इस्तेमाल न करें.शरीर की साफ-सफाई का ध्यान दें. मोबाइल इस्तेमाल करने के बाद फेस, नाक, आंख या मुंह छूने से बचें. अपना फोन किसी के साथ शेयर न करें. ईयरफोन का यूज 1 घंटे से ज्यादा समय तक लगातार न करें.

# टीनएजर्स पर कितनी रोक-टोक लगाना सही, जानें उन्हें कैसे दिया जाए स्पेस?



बच्चा जब टीनएज में पहुंच जाता है तो वह अक्सर अपनी प्राइवेसी और स्पेस को लेकर नाराजगी जताने लगता है. अगर आप भी टीनएजर्स के पैरेंट्स हैं तो आपने भी तमाम ऐसी सिचुएशंस का सामना किया होगा, जिसमें बच्चा इस तरह की बातें करता है. ऐसे में पैरेंट्स कई बार कंफ्यूज हो जाते हैं कि जिन बच्चों को एक वक्त पर हर समय उनकी जरूरत होती थी, वे अब आजादी जैसी बातें क्यों करने लगे हैं? आइए आपको कुछ ऐसे तरीके बताते हैं, जिनसे आप समझ पाएंगे कि टीनएज में पहुंच चुके बच्चों को कैसे समझा जाए.

प्राइवेसी की जरूरत को समझना जरूरी

बच्चों की भलाई के लिए सभी पैरेंट्स सोचते हैं, जो कि एक नॉर्मल प्रक्रिया है. हालांकि, उन्हें कभी इस बात से भी इनकार नहीं करना चाहिए कि प्राइवेसी का अधिकार हर किसी के लिए है. जब बच्चा टीनएज में पहुंच जाता है तो उसके पास अपने दोस्तों से बातचीत करने के लिए तमाम टॉपिक हो सकते हैं. इनमें नए क्रश पर चर्चा से लेकर करियर गोल्स तक शामिल हो सकते हैं. ऐसे में पैरेंट्स को यह समझना जरूरी है कि अब बच्चे अपनी हर बात आपसे शेयर नहीं कर सकते हैं. ऐसे में उनकी पहचान का सम्मान करना जरूरी हो जाता है. अगर हम उनकी बातों को सम्मान करेंगे तो वे खुद ही अपने सीक्रेट्स पैरेंट्स को बताने के लिए तैयार रहेंगे.

बच्चों की जरूरत के हिसाब से करें काम

बच्चों की प्राइवेसी जरूरी है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं होता कि उन्हें आपकी जरूरत नहीं है. हर बच्चा अलग होता है और अलग तरीके से काम करता है.

अगर पैरेंट्स उन पर ध्यान नहीं देते हैं तो बच्चा अक्सर पूछ लेता है कि मैंने तो आपको बताया था.. क्या आपने मेरी बात सुनी थी. पैरेंट्स को हमेशा इस तरह की सिचुएशन से बचना चाहिए.

बच्चों में आ रहे बदलाव को समझें

डिजिटल युग के दौरान बच्चों में भी कल्चरल बदलाव भी आ रहा है. जैसे वे देर रात में बाहर जाने के लिए बड़ों से परमिशन लेना पसंद नहीं करते हैं. भले ही यह आपके परिवार में कॉमन न हो. ऐसे में आपको बच्चों के साथ बैलेंस बनाने की जरूरत होती है, जिससे आपके बच्चे अनकंफर्टेबल महसूस न करें. आप अपने बच्चे को अनुशासन में रखने की जगह महीने में दो बार अपने दोस्तों के साथ मस्ती करने की परमिशन दे सकते हैं. साथ ही, उन्हें उनकी जिंदगी में आने वाली मुसीबतों की जानकारी देकर उन्हें आगाह कर सकते हैं.

# कंगना रनौत की इमरजेंसी की नई रिलीज डेट आई सामने, 6 सितंबर को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी फिल्म

एक्ट्रेस कंगना रनौत की अपकमिंग पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी को लेकर नया अपडेट सामने आया है। लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद एक्ट्रेस कंगना रनौत अब अपने फिल्मी करियर पर भी फोकस कर रही हैं। उनकी अपकमिंग पॉलिटिकल ड्रामा फिल्म इमरजेंसी को लेकर नया अपडेट सामने आया है। कई बार रिलीज डेट टलने के बाद अब यह फिल्म 6 सितंबर को रिलीज होने वाली है।

एक्ट्रेस ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर कर रिलीज डेट की घोषणा की।

इस बारे में बात करते हुए, कंगना ने कहा, मैं विलियम शेक्सपियर के मैकबेथ से प्रेरित हूं। इमरजेंसी भारतीय लोकतंत्र का सबसे सनसनीखेज चैप्टर है, और मैं 6 सितंबर, 2024 को दुनिया भर में इसकी रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं।



पोस्टर शेयर करते हुए कंगना ने कैप्शन में लिखा, आजाद भारत के सबसे काले अध्याय के 50वें साल की शुरुआत... इमरजेंसी 6 सितंबर 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास के सबसे कंट्रोवर्शियल एपिसोड की विस्फोटक गाथा। फिल्म में कंगना रनौत भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का रोल निभाती हुई दिखाई देंगी। बता दें कि देश में आंतरिक और बाहरी खतरों के चलते 25 जून 1975 को भारत में 21 महीने के लिए इमरजेंसी लागू की गई थी।

कंगना के अलावा, फिल्म में अनुपम खेर, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी और दिवंगत सतीश कौशिक जैसे कलाकार नजर आएंगे।

जी स्टूडियो और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित, फिल्म का म्यूजिक संचित बलहारा ने तैयार किया है, जबकि कहानी और डायलॉग रितेश शाह ने लिखे हैं। गौरतलब है कि इमरजेंसी की रिलीज डेट दो बार टल चुकी है। पहले यह 24 नवंबर 2023 में रिलीज होनी थी, लेकिन किसी वजह से यह थिएटर में नहीं जा पाई। बाद में फिल्म की रिलीज डेट 7 महीने आगे बढ़ा दी गई और कहा गया कि इसे 14 जून 2024 को रिलीज किया जाएगा, लेकिन कंगना रनौत ने लोकसभा चुनाव के चलते इसे भी पोस्टपोन कर दिया। ऐसे में फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब जब फिल्म की नई रिलीज डेट को ऐलान किया गया है, तो लोगों में खुशी है।



## प्रभास व महेश बाबू के साथ काम करना चाहती हैं राशि खन्ना

साउथ और हिंदी सिनेमा की फेमस एक्ट्रेस राशि खन्ना अपनी सुपरहिट फिल्मों के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने अपनी करियर की शुरुआत जॉन अब्राहम की फिल्म मद्रास कैफे से की थी, जो 2013 में रिलीज हुई। फिल्म में उनके काम को काफी पसंद किया गया। उन्हें इंडस्ट्री में आए एक दशक पूरा हो चुका है।

एक्ट्रेस ने अपनी टॉलीवुड विश लिस्ट के बारे में बात की। उनकी विश लिस्ट में प्रभास और महेश बाबू जैसे स्टार्स के नाम शामिल हैं, जिनके साथ वह काम करना चाहती हैं।

राशि ने कहा, मैं महेश बाबू के साथ काम करना चाहती हूं। मैंने यह कई बार कहा है। मुझे लगता है कि हमारी जोड़ी ऑन स्क्रीन काफी अच्छी लगेगी।

एक्ट्रेस ने कहा कि वह प्रभास के साथ भी काम करना पसंद करेंगी।

उन्होंने कहा, वह बहुत बढ़िया काम कर रहे हैं। मुझे कल्कि 2898 एडी का ट्रेलर बहुत पसंद आया। मैं इसका बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। फिलहाल, राशि के पास कई फिल्में हैं, इनमें द साबरमती रिपोर्ट और तलाखों में एक शामिल हैं। दोनों फिल्मों में उनकी जोड़ी एक्टर विक्रांत मैसी के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा, उनकी एक तेलुगु फिल्म तेलुसु कड़ा भी पाइपलाइन में है।

द साबरमती रिपोर्ट की बात करें, तो यह ड्रामा थ्रिलर फिल्म 2002 में साबरमती एक्सप्रेस पर हुई सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। यह फिल्म 2 अगस्त को रिलीज होने वाली है।

राशि को पिछली बार सुंदर सी द्वारा निर्देशित कॉमेडी हॉरर फिल्म अरनमनई 4 में देखा गया था। उन्होंने डॉक्टर माया का किरदार निभाया। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया भी लीड रोल में थी। फिल्म में रामचंद्र राजू, संतोष प्रताप, कोवई सरला, योगी बाबू, वीटीवी गणेश और दिल्ली गणेश भी हैं। इसका निर्देशन सुंदर सी ने किया। राशि ने 2014 में तेलुगु फिल्म ऊहालु गुसागुसलाडे से साउथ इंजस्ट्री में कदम रखा। श्रीनिवास अवसारला द्वारा निर्देशित इस रोमांटिक ड्रामा में नागा शौर्य भी लीड रोल में थे। इसे एडमंड रोस्टैंड के फ्रेंच प्ले साइरानो डे बर्गेरैक से रूपांतरित किया गया है। उनकी एक्टिंग को लोगों ने काफी पसंद किया।

# सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म ककुड़ा की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, पहला पोस्टर भी आया सामने

हिंदी सिनेमा में हॉरर कॉमेडी मूवीज को काफी पसंद किया जा रहा है। हाल ही में रिलीज हुई मुंज्या बॉक्स ऑफिस पर अपनी कमाई से हर रोज धमाल मचा रही है। इस शैली में अब सुपरनैचुरल कॉमेडी ककुड़ा की चर्चाएं हो रही है।

मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया है, साथ ही रिलीजिंग डेट से भी पर्दा उठाया है।

फिल्म में सोनाक्षी सिन्हा, रितेश देशमुख और साकिब सलीम लीड रोल में हैं।

सोशल मीडिया पर मेकर्स ने एक डरावना पोस्टर शेयर किया। इस पोस्टर में रितेश बीच में खड़े हैं और उनके हाथ में एक डिवाइस है। उनके बाएं हाथ पर टैटू है और आंखों में काजल लगा हुआ है। उनके बगल में सोनाक्षी हैं, जो डरी-सहमी नजर आ रही हैं। उन्होंने टॉर्च पकड़ी हुई है।

रितेश के दूसरी तरफ साकिब हैं, जो गुंडे की तरह दिख रहे हैं और टॉर्च पकड़े हुए हैं। तीनों के पीछे डरावनी परछाई है, जो उन्हें करीब से देख रही है।

मेकर्स ने पोस्ट को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, पुरुषों के हित में जारी। ककुड़ा आ रहा है।



12 जुलाई को घर पर रहें और ठीक 7-15 बजे दरवाजा खुला रखना ना भूलें। अब मर्द खतरे में है।

ककुड़ा की कहानी उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के शापित रतौड़ी गांव के ईद-गिर्द घूमती है। यहां हर घर में दो दरवाजे होते हैं, एक सामान्य आकार का और दूसरा उससे छोटा।

फिल्म में अजीबोगरीब अनुष्ठान होते हैं, जिसके तहत हर मंगलवार को शाम 7-15 बजे हर किसी को अपने घर के छोटे दरवाजे को खुला रखना होता है, जो ऐसा नहीं करता, उस पर ककुड़ा अपना प्रकोप बरसाता है। वह घर के मुखिया को भयंकर सजा देता है।

ककुड़ा कौन है और वह गांव के पुरुषों को सजा क्यों देता है, गांव वालों को अभिशाप से कैसे मुक्ति मिलेगी?, यह सब फिल्म रिलीज होने पर पता चलेगा। फिल्म रोंगटे खड़े कर देने वाले पलों के साथ-साथ हंसी-मजाक से भरपूर भी है। इसमें आसिफ खान भी हैं। आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित और रोनी स्क्रूवाला द्वारा निर्मित यह फिल्म 12 जुलाई को जी5 पर रिलीज होगी।

## कार्तिक आर्यन की चंदू चैंपियन की कमाई में मामूली बढ़त

कबीर खान के निर्देशन में बनी फिल्म चंदू चैंपियन में कार्तिक आर्यन की उम्दा अदाकारी की चारों ओर खूब तारीफ हो रही है। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की कमाई के आंकड़े निराशाजनक हैं।14 जून को रिलीज हुई यह फिल्म टिकट खिड़की पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी।पिछले कुछ दिनों से चंदू चैंपियन की कमाई में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रही है, लेकिन 12वें दिन फिल्म के कारोबार में मामूली उछाल आया है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जहां चंदू चैंपियन ने 11वें दिन 1.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, वहीं अपनी रिलीज के 12वें दिन यह फिल्म 2 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। इसी के साथ अब इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 53 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म में विजय राज और राजपाल यादव ने भी अहम भूमिका निभाई है।

## शब्द सामर्थ्य -101

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

**ऊपर से नीचे**

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 100 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पी | चि | दं | ब | र | म | | | स |
| ट | | भ | ला | ई | | अ | स | म |
| ना | म | | | स | मा | धि | | झ |
| | ज | | बे | | न | का | र | ना |
| बा | बू | | आ | य | क | र | | |
| | र | की | ब | | | | प्र | था |
| ज | | | रू | प | क | | ज | न |
| हा | | पा | | ना | म | ची | न | |
| ज | हां | प | ना | ह | | ता | न | ना |

## काली साड़ी पहन एक्ट्रेस श्रिया सरन ने इंटरनेट पर लगाई आग



साउथ की हसीन अदाकारा श्रिया सरन आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस की कुछ लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिसमें वो काफी ज्यादा खूबसूरत नजर आ रही हैं। बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत हसीना श्रिया सरन आए दिन अपनी हॉटनेस और बोल्डनेस के कारण सुर्खियों में बनी रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो अक्सर फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट हॉट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनके कातिलाना लुक से फैंस नजरें नहीं हटा पा रहे हैं। फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस श्रिया सरन ने ब्लैक कलर की बेहद ही स्टाइलिश साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो काफी ज्यादा स्टनिंग नजर आ रही हैं। फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस श्रिया सरन ने कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज दिए हैं। इन तस्वीरों में उनकी बेबाकी थमने का नाम नहीं ले रही हैं। बालों को खोलकर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस श्रिया सरन ने अपने आउटलु को कंप्लीट किया है।

## नवीन न्याय संहिता सुधार पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम पर कार्यशाला का आयोजन




**कोरिया बैकुंठपुर।** नवीन न्याय संहिता सुधार पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम पर कार्यशाला का आयोजन जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिला अभियोजन अधिकारी हरेन्द्र पाण्डेय ने देश में 1 जुलाई 2024 से लागू हो रहे भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के उद्देश्य तीनों नए कानूनों की मूल भावना इसके महत्वपूर्ण नवीन प्रावधानों आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यशाला में अपर कलेक्टर अरूण कुमार मरकाम ने बताया कि 1 जुलाई 2024 से तीन नये कानून लागू होंगे। भारतीय दण्ड संहिता एवं कानून की दिशा में यह एक व्यापक परिवर्तन है। इन कानूनों के संबंध में अधिकारियों एवं नागरिकों को जानकारी होना चाहिए। सभी के लिए आवश्यक है कि स्वयं भी इन कानूनों को समझें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। इस अवसर पर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका ठाकुर, उपसंचालक लोक अभियोजन पी.एन खांडेकर, राजस्व अधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों के अलावा कार्यालय प्रमुख एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## शासी परिषद की बैठक का आयोजन 3 जुलाई को,विभिन्न विषयों की होगी चर्चा

**कोरिया।** जिला खनिज संस्थान न्यास की बैठक कलेक्टर एवं अध्यक्ष शासी परिषद श्री विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में 3 जुलाई 2024 को बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में दोपहर 12 बजे आयोजित की गई है। जानकारी के मुताबिक इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के आय-व्यय लेखा का प्रस्तुतिकरण, लेखा परीक्षा रिपोर्ट, वार्षिक प्रतिवेदन, स्वीकृत कार्यो के कार्योत्तर स्वीकृति, एवं निरस्त कार्यों का अनुमोदन किया जाएगा। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु वार्षिक कार्ययोजना का अनुमोदन तथा अध्यक्ष के अनुमति से अन्य विषयों पर भी चर्चा की जाएगी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से नियत तिथि व समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

## अब तक 252.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**कोरिया।** भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 01 जून से 27 जून तक 252.3 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। अब तक तहसील बैकुण्ठपुर में 50.7, सोनहत में 50.4, पटना में 106.1 एवं पोड़ी बचरा में 45.1, मिमी कुल वर्षा दर्ज की गई है। प्रतिवेदित दिनांक को तहसील बैकुण्ठपुर में 26.9, सोनहत में 5, पटना में 7.2 एवं पोड़ी बचरा में 0, मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक

**कोरिया।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के अन्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्रालय भारत सरकार को आंनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक प्रस्तुत किया जायेगा। इस पुरस्कार के लिये ऑनलाइन पोर्टल https://awards.gov.in पर किया जा सकता है। बाल पुरस्कार हेतु सामाजिक विज्ञान खेल, सहासी कार्यो, कला एवं संस्कृति, पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के क्षेत्र मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चों को राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार दिया जाना है। पुरस्कार हेतु 5 से अधिक एवं 18 वर्ष से कम आयु के बालक एवं बालिकाएं आवेदन कर सकते है। आवेदन से संबंधित अन्य जानकारी हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग से सम्पर्क किया जा सकता है।

## विद्यालयों में कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**कोरिया।** आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि शिक्षा सत्र 2024-25 प्रयास आवासीय विद्यालय योजनान्तर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र में तथा नक्सल पीड़ित/प्रभावित क्षेत्रों के विद्यालयों से कक्षा 10वीं उत्तीर्ण प्रतिभावान विद्यार्थियों के उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्वक स्कूली-शिक्षा के साथ-साथ राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित प्रवेश परीक्षा में सफल होने के योग्य बनाने हेतु यह विद्यालय स्थापित की गई है। प्रयास आवासीय विद्यालय में वर्ष 2024-25 में कक्षा 11वीं के लिए प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा 21 जुलाई 2024 को प्रात: 11:00 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित होगी। उन्होंने बताया कि प्राक्चयन परीक्षा केन्द्र अम्बिकापुर में शामिल होने हेतु कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक या समकक्ष ग्रेड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु लिंक https://eklavya.cg.nic.in/PRSMS/Student-Admission-Detail है। प्राक्चयन परीक्षा के संबंध में आवेदन पत्र अथवा कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कोरिया से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

# संकरी पुलिया में टैंकर ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

**भटगांव।** सूरजपुर ज़िले के भटगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत मसान नाला में बुधवार शाम एथेनाल लोड टैंकर की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद नाराज स्वजन एवं ग्रामीणों ने अंबिकापुर बनारस स्टेट हाइवे में करीब दो घंटे तक चक्काजाम किया। अधिकारियों की समझाइश के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार सूरजपुर ज़िले के भटगांव थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम दुरती निवासी मोहम्मद इमरान पिता समयजान 29 वर्ष अपने साथी उत्तम चौधरी पिता देवसराय चौधरी 27 वर्ष ग्राम पोड़ी के साथ बाइक से जरही से अपने घर दुरती जा रहा था। बाइक मसान नाले के संकरे पुल के पास पहुंची थी कि उसी दौरान बनारस की ओर से एथेनाल लोड कर आ रहा टैंकर मसान नाले के पास तेज रफ़्तार व पुल के पास ढलान होने की वजह से अनियंत्रित हो गया। संकरी पुलिया में टैंकर ने बाइक को जबरदस्त टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद टैंकर अनियंत्रित होकर पुलिया की रेलिंग को तोड़ते हुए नाले के नीचे गिर गया। बाइक चालक मो इमरान की मौक़े पर ही मौत हो गई वही



बाइक सवार उत्तम को इलाज के लिए अंबिकापुर ले जाते समय रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। बताया गया कि बाइक चालक मोहम्मद इमरान की पत्नी का बुधवार को जन्म दिन था। जरही बाज़ार से वह जन्मदिन के लिए सामान लेने गया था। वहां से शाम करीब छह बजे वापस दुरती जाने के लिए निकला था। इसी दौरान प्रतापपुर तरफ से आ रहे टैंकर की चपेट में आ गया। भीषण हादसे में इमरान का हाथ कट गया और सिर भी फट गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। टैंकर की टक्कर से पीछे बैठा उत्तम चौधरी पुलिया के नीचे गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर उत्तम चौधरी के स्वजन भी पहुंच गए और उन्होंने उत्तर को पुलिया के नीचे गिरा हुआ पाया। उसे पानी से निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव पहुंचे, जहां से उसे अंबिकापुर रेफर कर दिया गया। अंबिकापुर मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाते समय सोनगरा के पास उत्तम चौधरी की भी मौत हो गई। बता दें कि दुर्घटनाकारी टैंकर में ज्वलनशील एथेनाल लोड था। दुर्घटना में टैंकर चालक बिहार निवासी शशि रंजन यादव भी गंभीर रूप से घायल हो गया है। नाले में गिरने से टैंकर चालक के सिर पर चोटें आई हैं। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव से अंबिकापुर मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है। उसकी हालत भी गंभीर बनी हुई है। आक्रोशित मृतकों के स्वजन और ग्रामीणों ने घटनास्थल मसान नाले पर चक्काजाम कर दिया। लगभग दो घंटे तक अंबिकापुर-बनारस स्टेट हाइवे बंद रहा। मौके पर पहुंचे भटगांव तहसीलदार शिवनारायण राठिया ने परिजनों को 25 हजार रुपए सहायता राशि दी। सहायता राशि प्राप्त कर चक्का जाम समाप्त हुआ।

### अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर राजेंद्र बांसरिया को राज्य शासन ने किया निलंबित



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एस सेंगर के प्रतिवेदन के आधार पर डॉक्टर राजेंद्र बांसरिया अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय कोरिया बैकुंठपुर के द्वारा मरीज का ऑपरेशन करने हेतु राशि की मांग की गई तथा मरीज के परिजन द्वारा राशि नहीं दिए जाने के कारण मरीज का इलाज नहीं किया गया। डॉ बांसरिया के इस कृत्य को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) अधिनियम 1965 के नियम तीन का उल्लंघन माना गया। अत: राज्य शासन ने डॉ राजेंद्र बांसरिया को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम,9(1)(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। डॉ राजेंद्र बंसरिया को मुख्यालय कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, सरगुजा संभाग, अंबिकापुर निर्धारित किया गया है सक्षम अधिकारी के सक्षम अधिकारी के बिना अनुमति एवं पूर्व स्वीकृति के मुख्यालय नहीं छोड़ने का निर्देश दिया गया है निलंबन अवधि में डॉ राजेंद्र बांसरिया को मूलभूत नियम 53 के तहत जीवन निर्वाह भत्ते का नियमानुसार पात्रता रहेगी।

# ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, पूर्व गृहमंत्री श्री रामसेवक पैकरा, श्री राजेश अग्रवाल, श्री अजय अग्रवाल, श्री बिहारी कुलदीप, श्री लवकेश पैकरा, श्री बिज्जु दासन एवं श्री राजेश्वर तिवारी, संभागायुक्त श्री गोविंद राम चुरेंद्र, कलेक्टर श्री रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, जिला शिक्षा अधिकारी श्री रामललित पटेल, जिला मिशन समन्वयक श्री शशिकांत सिंह, सहायक संचालक शिक्षा श्री रविन्द्र देव सिंह एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत उपस्थित सभी अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत तिलक लगाकर और मिष्ठान खिलाकर किया गया। तत्पश्चात् सूरजपुर जिले अंतर्गत शिक्षा के क्षेत्र में होने वाले विकास के बिंदुओं से की गई। जिसका प्रदर्शन प्रोजेक्टर के माध्यम से किया गया। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में किए गए नवाचार व गतिविधियों की संक्षिप्त झलकियों का प्रदर्शन किया गया। कस्तूरबा गांधी की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों के साथ-साथ उनके पालकों का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी सम्मानित किया गया और उन्हें इलेक्ट्रॉनिक टैबलेट प्रदान करने की बात कही। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी, पालक व शिक्षकों को उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के संदेश से कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला।

### विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए शिक्षा है सबसे अहम -राजवाड़े

उन्होंने कहा विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण के लिए शिक्षा सबसे अहम है। यदि स्कूली शिक्षक लक्ष्य का निर्धारण करते हुए और संकल्प लेते हुए बच्चों को मन से पढ़ायेंगे तो निश्चित ही हमारे बच्चे जिले के नाम को गौरवांवित करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री श्री रामसेवक पैकरा भी उपस्थित थे, उन्होंने विद्यार्थियों व अन्य उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान को भी अपने में आत्मसात करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विद्या एक ऐसी चीज है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता। सभी शिक्षा अर्जित करते रहें और आगे बढ़ते रहें। सरगुजा संभागायुक्त श्री गोविंद राम चुरेंद्र ने जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव पर उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूलों में बच्चों की नियमित उपस्थिति हो, इसके लिए प्रत्येक 01 से 02 माह में शिक्षक पालक बैठक रखने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने जिले वासियों से अपील की कि शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिये सक्षम लोग आगे आये और सहयोग करें और शिक्षा के इस सत्र को सफ्ल बनायें। कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को शिक्षा सत्र के शुरू होने पर शुभकामनाएं दीं।

# एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




**मनेन्द्रगढ़।** विगत दिवस सिटी हॉस्पिटल मनेन्द्रगढ के द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर का आयोजन मनेन्द्रगढ़ विकासखण्ड के ग्रामपंचायत परसगढ़ी के पंचायत भवन में किया गया। शिविर का आयोजन दोपहर 12 बजे से सायं 05 बजे तक किया गया था। उक्त शिविर में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणो ने आकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। शिविर में हाईपरटेंशन, अस्थमा, डायविटिज, चर्मरोग, शिशु रोग, स्त्री रोग, लिवर-किडनी रोग, पेट रोग इत्यादि से संबंधित मरीजों ने आकर नि:शुल्क परामर्श व दवाईया प्राप्त किया। अपने ग्रामपंचायत में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के आयोजन से सरपंच सहित समस्त ग्रामवासी काफी उत्साहित रहे। ग्रामवासियों ने सिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर व टीम से अनुरोध किया है कि एक बार पुन: उक्त शिविर का आयोजन किया जाये जिससे बचे हुए ग्रामीणों को भी नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ मिल सके। उक्त शिविर के सफलतापूर्वक संचालन में ग्रामपंचायत पदाधिकारियों के साथ साथ स्थानीय एनजीओं आर्थो वेलफेयर फाउण्डेशन की टीम की भी अहम भूमिका रही। अंतत: ग्रामपंचायत सरपंच श्रीमती किरन गोंड व उपस्थित ग्रामवासियों ने सिटी हॉस्पिटल से आए डॉ. किरन किशोर, डॉ. सिम्पी सिंह व स्टॉफ नर्स सुनिता सिंह, राधा देवांगन, लक्ष्मी दास, ज्योति देवांगन, भूमिका साहू एवं एनजीओं से आए नौशान विलियमसन उर्फ डाडू व मनोज कुमार मण्डल का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### बार एसोसिएशन के सदस्यगण की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ नवीन न्याय संहिता पर सेमिनार

**सूरजपुर।** 1 जुलाई 2024 को नवीन न्याय संहिता लागू होने वाली है। जिसके संबंध में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में बार एसोसिएशन के सदस्य गण की उपस्थिति में सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में संभागायुक्त श्री गोविंद राम चुरेंद्र भी उपस्थित थे। जिन्होंने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 व भारतीय साक्ष्य संहिता 2023 के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। सेमिनार में उन्होंने सार्थक बातचीत, विचार विमर्श और प्रश्नोत्तर के माध्यम से नवीन कानून की मुख्य विशेषताओं को उपस्थित जनों के समक्ष रखने का प्रयास किया। सेमिनार में उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि नवीन न्याय संहिता, संविधान द्वारा दिए गए सभी अधिकारों की रक्षा करेगी और सभी को न्याय मिले इस बात पर बल देगी। बैठक में जिला पंचायत अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थिति थे।

### बाइक सवार घायल

**रायपुर।** मानपुर रोड में कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# चोरी के आरोपी पहुंचे जेल पुलिस को मिली सफलता



**चरचा कालरी।** कालरी क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर चोरों को पकड़ने में चर्चा पुलिस को सफलता मिली 12 जून 2024 को चर्चा थाने में दर्ज अपराध क्रमांक 151 /24 धारा 457 ,380 ,34 आईपीसी के अनुसार हंसी राजवाड़े के घर चोरी हुई थी जिसमें लगभग एक लाख रुपए लागत के जेवर व नगदी रकम चोरों ने चोरी कर दिए थे इसी क्रम में चर्चा थाने में दर्ज अपराध क्रमांक 157/ 24 धारा 454 ,,380, 34 आईपीसी के अनुसार 25 जून को विक्की सिंह आत्मक देवधारी सिंह निवासी सुभाष नगर के घर भी इन चोरों ने चोरी की थी व लगभग 3 लाख 89 हजार 415 रुपए की लागत के सोने चांदी के जेवर एवं व नगदी रकम चोरी कर ली गई थी चर्चा पुलिस चोरों को पकड़ने के लिए प्रयासरत थी लगातार प्रयास के पश्चात दोनों ही घटनाओं में चोरी के आरोपी उमेश उर्फ छोटू बसोर पिता अमरनाथ , सूरज उर्फ गोलू पिता अमरनाथ निवासी गुदरी पारा चिरमिरी जिला एमसीवी को पड़कर उनके कब्जे से चोरी किए गए जेवर व रकम बरामद किया विदित हो कि दोनों ही शातिर चोर एवं अपराधी हैं व पूर्व में चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं चोरी के दोनों मामले के आरोपियों को पकड़ने में चर्चा थाने के उप निरीक्षक बी .के. राजवाड़े प्रधान आरक्षक सत्येंद्र तिवारी आरक्षक नारायण सिंह ,अर्जुन ,विजय सिंह , रंजना ,उषा सिंह ,अजीत रजवाड़े ,वेद प्रकाश की सक्रिय भूमिका रही।







# नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर किया गया स्वागत

**कोरिया बैकुंठपुर।** माध्यमिक शाला बस्ती में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर निशुल्क यूनिफॉर्म एवम पाठयपुस्तक वितरण कर मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव। शिक्षा सत्र 2024 25 की शुरुवात के साथ ही आज 26जून 2024 को माध्यमिक शाला बस्ती में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की एवम छत्तीसगढ महतारी की छायाचित्र की पूजा अर्चना एवम राज्यगीत के साथ किया गया । शाला में गांव के सरपंच जगत प्रसाद द्वारा राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के संदेश का वाचन किया गया, गांव के प्रतिष्ठित समाज सेवी छोटू सिंह के द्वारा शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल के संदेश का वाचन किया गया,पंच श्रीमती धनमत द्वारा बच्चो को रोज स्कूल आने के लिए कहा,शाला के प्रधान




पाठक एवम शिक्षक तथा शाला में आमंत्रित जनप्रतिनिधि द्वारा नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर,मिठाई खिलाकर, गणवेश, एवं पाठ्य पुस्तक प्रदान कर उनका शाला प्रवेश कराया गया। तथा स्कूल सभी छात्रों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक एवम यूनिफॉर्म का वितरण किया गया । कार्यक्रम में संस्था के प्रधान पाठक राजेंद्र सिंह एवम शिक्षक धनंजय प्रकाश बड़ा, तरुण कुमार एवम संस्था के स्टाफ सिमन तिग्गा, सकेन्दर सोनवानी एवम गांव के जगत प्रसाद, छोटू सिंह एवम अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहें तथा कार्यक्रम के अंत में छात्रों एवम गांव से आए आमंत्रित लोगों को न्योता भोजन कराया गया।

## बच्चों को दी गई उपहार सामग्री

**चरचा कालरी।** शिक्षा सत्र 2023 -24 के शुभारंभ एवं शाला प्रवेश उत्सव का भव्य आयोजन हिंद विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में किया गया शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर मुख्य अतिथि राजेश सिंह उपाध्यक्ष नगर पालिका शिवपुर चर्चा विशिष्ट अतिथि अरुण जायसवाल मंडल अध्यक्ष शिवपुर चर्चा नीरज गुप्ता दशरथ मोदी कुंडल साय पार्षद संस्था के फाउंडर निसार खान प्राचार्य शशि भूषण राय सहित विद्यालय के अध्यापक गण ,अभिभावक गण एवं काफी संख्या में नवप्रवेशी बच्चे उपस्थित थे कार्यक्रम के प्रारंभ में मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई इसके पश्चात अतिथियों ने उद्बोधन दिया इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों को उपहार स्वरूप कॉपियां ,पेंसिल ,मिठाई व सामग्री दी गई साथ ही बच्चों का तिलक लगाकर अभिनंदन भी किया गया। मुख्य अतिथि राजेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज का दिन नए शिक्षण सत्र के लिए बेहद महत्वपूर्ण दिन है विद्यालय में आने वाले समस्त छात्र-छात्राओं का अभिनंदन है आप सभी नई उर्जा, नई उमंग के साथ अपने पढ़ाई में लगे और विद्यालय का नाम रोशन करें आपके विद्यालय में हर प्रकार की गतिविधियां संचालित होती हैं इस संस्था के द्वारा बच्चों को हर स्तर पर सदेव सहयोग किया जाता है यह बेहद खुशी की बात है मंडल अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक ऐसा शिक्षण संस्थान है जहां प्रवेश उत्सव हो या फिर छात्र प्रोत्साहन समारोह हो ,वार्षिकोत्सव हो सभी प्रकार के आयोजन बड़े ही भव्य तरीके से मनाया जाता है इन आयोजन के माध्यम से आपको बहुत कुछ सीखने को मिलता है विद्यालय के शिक्षकों से निवेदन है कि अपनी समस्त ऊर्जा, शिक्षा धन बच्चों को समर्पित करें कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त करते हुए मोहम्मद निसार खान ने कहा कि आप अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन देते रहें अभिभावक भी अपना सुझाव से हमें अवगत कराते रहें।

# कुख्यात बदमाश सूरज ने नशे की स्थिति में दो लोगों पर किया घातक हमला

## देर रात को पहुंची डायल 112 ने संज्ञान लिया





**कोरबा।** ओपन थिएटर के नजदीक गढ़कलेवा में पिछली रात गाली-गलौज और मारपीट के साथ दो लोगों पर जानलेवा हमला करने की घटना हुई। फारूख और फैजल नामक व्यक्ति इसमें घायल हुए हैं। उन पर कुख्यात बदमाश सूरज हथठेल और उसके कई साथियों ने हमला किया। लहूलुहान करने के बाद पीड़ितों को पास के नाला में फेंक दिया गया। नजदीकी लोगों ने चीख सुनने के बाद डायल 112 को अवगत कराया। जिसके बाद पीड़ितों को अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की गई।

मध्य रात्रि से पहले यह घटना नगर निगम के गढ़कलेवा इलाके में हुई। इसमें फैजल और फारूख को चोटें आई है। उनके साथ मुनव्वर भी मौके पर था जो किसी तरह बच गया। बताया गया कि ये तीनों मौके पर बैठकर किसी विषय पर चर्चा कर रहे थे, तभी शराब के नशे में इसी क्षेत्र में रहने वाला सूरज हथठेल अपने कई साथियों के साथ पहुंच गया। बिना किसी बात के उसने यहां बतंगड़ खड़ा किया और फिर गाली-गलौज के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ितों के बताए मुताबिक उसके पास सुअर मारने वाला कत्ता के अलावा रॉड भी रखी थी। इसके जरिए उन पर हमला किया गया। सूरज के गुंडों ने भी इस दौरान हाथ साफ किये। लगातार की गई मारपीट से दोनों पीड़ितों की हालत खराब हो गई और वे बेसुध हो गए। उन्हें मरा समझकर हमलावरों ने पास के नाला में फेंक दिया और भाग खड़े हुए। घटनाक्रम के दौरान यहां से उठ रही चीख को आसपास के लोगों ने सुना और पुलिस को जानकारी दी। कुछ देर बाद सिविल लाइन थाना से डायल 112 की टीम पहुंची जिसके द्वारा पीड़ितों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की, वहां उनका उपचार चल रहा है।

### सूरज से कोई दुश्मनी नहीं

रात्रि को हुई इस घटना में घायल हुए युवकों ने आज सबेरे मीडिया से चर्चा की। उन्होंने बताया कि सूरज हथठेल उनके ही इलाके में रहता है और उसकी हरकतें काफी समय से अच्छी नहीं है। रात को वह नशे में आया था तब भी कोई बातचीत नहीं हुई। इसके बावजूद उसने बेमतलब मारपीट करते हुए चोट पहुंचाई।

# टोल टैक्स वसूली में मनमानी

## आपत्ति के बाद अब करेंगे पास जारी




**कोरबा।** जिले के रजकम्मा और अन्य स्थान पर एनएच के टोल प्लाजा में कर वसूली के नियमों पर स्थानीय लोगों ने गंभीर आपत्ति दर्ज कराई। आरोप है कि नियम विरूद्ध तरीके से उनसे टैक्स लिया जा रहा है। बार-बार की शिकायतों पर संज्ञान लेने के साथ अब संबंधित प्राधिकरण के द्वारा लोगों को मासिक पास रियायत के साथ देने की बात कही जा रही है।

भारतमाला परियोजना अंतर्गत भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा पथरापाली से कटघोरा रा. रा. क्र. 130 लम्बाई (39.3कि.मी.) का निर्माण राजमार्ग एवं परिवहन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग 130 पर स्थित भोजपुरी टोल प्लाजा से लिम्हा टोल प्लाजा तक चार लेन खण्ड की लम्बाई 61 कि.मी. है एवं लिम्हा टोल प्लाजा से मदनपुर टोल प्लाजा तक की शेष चार लेन सड़क की दूरी 31 कि.मी. है। पथरापाली - कटघोरा खण्ड की कुल लम्बाई 39.3 कि.मी. से केवल 31.08 कि.मी. हेतु मदनपुर टोल प्लाजा पर दिनांक 02.08.2023 से टोल कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है।

एनएच के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग फीस नियम, 2008 खण्ड 8 (2) में 60 कि.मी. के भीतर टोल प्लाजा स्थापना हेतु प्रावधान है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के उसी सेक्शन पर और एक ही दिशा में साठ किलोमीटर की दूरी के भीतर कोई अन्य पथपर प्लाजा स्थापित नहीं किया जाएगा। परंतु जहाँ निष्पादन प्राधिकारी आवश्यक समझे, वहाँ वह लेखबद्ध किए जाने वाले कारणों से, साठ किलोमीटर की दूरी के भीतर कोई अन्य पथकर प्लाजा स्थापित कर सकेगा या स्थापित करने के लिए रियायतग्राही को अनुज्ञान कर सकेगा। जिले में पथरापाली - कटघोरा खण्ड चैनेज संख्या 82+000 पर मदनपुर टोल प्लाजा पर आसपास के लोगों से टैक्स वसूली को लेकर लगातार विवाद की स्थिति बनती रही। लोगों ने इस पर विरोध किया और नियम कायदे याद दिलाए। अब कहा जा रहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग फीस (दरों का अवधारण और संग्रहण) नियम, 2008 के अनुसार टोल प्लाजा से 20 कि.मी. के अंतर्गत निवासरत वाहन चालकों द्वारा संबंधित टोल प्लाजा में वैध दस्तावेज प्रस्तुत कर निर्धारित शुल्क पर मासिक पास प्राप्त किया जा सकता है। माना जा रहा है कि अगर लोग इस मामले को लेकर आपत्ति नहीं करते तो मनमानी जारी रहती।

## चचिया परिसर से कुदमुरा पहुंचे 13 हाथी



**कोरबा।** वनमंडल कोरबा अंतर्गत कुदमुरा रेंज के चचिया परिसर में विचरण कर रहे 13 हाथियों का दल बीती रात आगे बढ़कर कुदमुरा परिसर के कक्ष क्रमांक 1139 पहुंच गया और यहां विश्राम करने लगा। हाथियों के दल को आज सुबह ग्रामीणों ने देखा और इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचकर हाथियों की निगरानी में जुट गया है। क्षेत्र में हाथियों के लगातार विचरण करने से ग्रामीण दहशत में हैं।

## दोंदरो में हरियाली बिखेरने का काम शुरू

**कोरबा।** जिले के बालको वन परिक्षेत्र के दोंदरो सर्किल में इस वर्ष 34 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधरोपण किया जाना है। इसकी शुरुआत आज से दोंदरो में पौधा लगाने के साथ हो गई है। रेंजर जयंत सरकार ने बताया कि बालको वन परिक्षेत्र को 34 हेक्टेयर क्षेत्र में 33 हजार पौधे लगाने की जिम्मेदारी मिली है। जिसका काम शुरू कर दिया गया है। गड्ढे की खोदाई व पौधों की सुरक्षा के लिए फेंसिंग तार लगाने के बाद अब पौध लगाया जा रहा है जो कि मिश्रिम प्रजाति के हैं।

# हल्की बारिश ने बढ़ाई समस्या, समाधान नहीं होने पर लोगों ने सड़क बंद की

## पार्षद पर लगाया उदासीनता बरतने का आरोप

**कोरबा।** शुरुआती बारिश में ही बांकीमोंगरा में वार्ड नं. 66 शांति नगर क्षेत्र में अजीब स्थिति निर्मित हो गई। यहां की सड़कों में पानी भर जाने व वाहनों के आवागमन से सड़कों में बड़े बड़े गड्ढे निर्मित हो गए हैं। इससे कई प्रकार की समस्याएं खड़ी हो गई। समस्या हल करने के लिए लोगों ने यहां-वहां संपर्क किया लेकिन नतीजे नहीं आए। नाराज होकर उन्होंने एक सड़क को बंद कर दिया।



कोरबा जिले के कोयलांचल बांकीमोंगरा में बारिश के प्रारंभिक दौर में ही समस्याओं के साथ लोगों का पाला पड़ा है। यहां जल भराव के साथ-साथ सड़कों की दुर्गति हो गई है। शांति नगर क्षेत्र में लोग इससे परेशान हैं। बताया गया कि बारिश से पूर्व इन गड्ढों पर कहीं कहीं मुरुम डाला गया था लेकिन पहली बारिश में यह मुरुम कीचड़ में तब्दील हो गया है और दुर्घटना का सबब बनता जा रहा है। वॉर्डवासियों ने वार्ड पार्षद कमला बरेठ को कई दफा फोन लगाया लेकिन उन्होंने किसी का फोन नही उठाया। जिससे नाराज़ वॉर्डवासियों ने इस सड़क को बंद कर दिया है और किसी को भी इस सड़क मार्ग से गुजरने नही दे रहे है।

नागरिकों का आरोप है कि वार्ड पार्षद कमला बरेठ वॉर्डवासियों की समस्या को लेकर कभी भी वार्ड के निरीक्षण में नहीं पहुंचती है। यदि फोन लगाओ तो फोन भी नही उठाती है। बारिश में सड़क में गड्ढे हो जाने से पूरे सड़क मार्ग पर पानी भर गया है। और लोगों का इस सड़क से आना जाना भी दिनभर लगा रहता है। पार्षद के फोन नही उठाने पर नाराज़ वॉर्डवासियों ने इस सड़क को बंद कर लोगों को नही आने जाने दिया जा रहा है। वॉर्डवासियों का कहना है कि जब तक पार्षद इस समस्या का निराकरण नही करती तब तक सड़क को बंद रखा जाएगा। बांकीमोंगरा के वार्ड 66 शांति नगर की सड़क को बंद कर देने से लोगों को अब अलग रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है।

## सर्प के काटने पर अस्पताल जाएं, बैगा के पास नहीं

**कोरबा।** बारिश के सीजन में सर्पदंश के मामले कुछ ज्यादा होते हैं। प्रदेश के दूसरे बड़े नागलोक में शामिल कोरबा जिले में ऐसी घटनाओं ने बीते वर्षों में बड़ा नुकसान किया है। स्वास्थ्य विभाग ने जागरूकता अभियान शुरू करने के साथ कहा है कि सर्पदंश के पीड़ितों को अस्पताल जाना चाहिए न कि बैगा-गुनिया के पास। ऐसी घटनाओं में लोगों को बचाने के लिए मेडिकल कॉलेज से लेकर सीएचसी और सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त मात्रा में एंटी स्नैक वेनम उपलब्ध हैं। सीएमएचओ डॉ. एस.एन.केसरी ने बताया कि वर्ष 2022 में सर्पदंश की घटनाओं में 849 और 2023 में 822 लोगों की मौत हो गई। लोगों को विभाग की ओर से सलाह दी जा रही है कि सर्पदंश के मामलों में कटे हुए स्थान पर कपड़े को बांधने से खतरा हो सकता है। कई प्रकार की भ्रांतियों लोगों के मन में हैं उसे दूर करने की जरूरत है।

## बाइक और स्कूटी की भिड़ंत में दो बालिकाओं सहित चार घायल



**कोरबा।** कटघोरा-बिलासपुर मार्ग पर शिव मेडिकल के पास दो गाड़ियों की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। इनमें दो बालिकाएं भी हैं। पीड़ितों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

सूचनाओं में बताया गया कि बीती रात्रि 8.30 बजे के आसपास यह घटना हुई। ग्राम पंचायत मातिन के सरपंच रमाकांत सिंह और नवापारा के सरपंच महेश मरकाम मोटर साइकिल से पोड़ी उपरोड़ा की तरफ जा रहे थे। उसी दौरान स्कूटी सवार दो बालिकाएं सड़क पार कर रहीं थी। बाइक तेज रफ्तार में थी जो इस दौरान स्कूटी से जा भिड़ी। हादसे में दोनों सरपंच घायल हुए हैं। एक के सिर पर और दूसरे के हाथ में गंभीर चोटें आईं जबकि बालिकाओं को भी चोट लगी है। मुख्य मार्ग पर हुए हादसे के बाद आसपास के लोगों ने सक्रियता दिखाई और तुरंत अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बाइक चालक के विरूद्ध मामला दर्ज किया है। इससे पहले क्षेत्र में तेज रफ्तार और अन्य कारण से होने वाली दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस ने अपने स्तर पर कोशिश की।

## टीपी नगर में विवाद करने वाली महिला कई धाराओं में गिरफ्तार

**कोरबा।** सीएसईबी चौकी पुलिस ने टीपी नगर में विवाद करने वाली महिला मंजीत कौर 27 वर्ष को आईपीसी की धारा 452, 294, 323, 506 में गिरफ्तार किया है। उसके विरूद्ध अपराध क्रमांक 383/24 कायम किया गया। पुलिस ने बताया कि दोपहर को पिंडा एंड लक्की ऑटोडील दुकान में उसने प्रार्थी से गाली-गलौज किया। उसने पेचकस लेकर मारने की धमकी दी। प्रार्थी को दुकान के अंदर घुसकर दौड़ाया। घटना में उसे चोटें आई।

## भाकपा ने दिया धरना

**कोरबा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने शिव मंदिर कुसमुंडा के पास धरना दे कुसमुंडा फोरलेन सड़क के अधूरे काम को जल्द पूरा कराने मांग की। इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा। भाकपा के जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने कहा कि फोरलेन सड़क का निर्माण कार्य धीमी गति से जारी है। इसे जल्द पूरा कराकर राहत दिलाई जाए। उड़ती धूल से भी वाहन चालकों को परेशानी हो रही है।

## परिवहन शुल्क नहीं देने पर सुविधा बंद, दावा निकला झूठा

**कोरबा।** नए शिक्षा सत्र की शुरुआत होने के साथ विभिन्न क्षेत्रों से निजी स्कूलों की हरकतों को लेकर शिकायतें शुरू हो गई है। करतला विकासखंड के देवरमाल स्थित किशोर पब्लिक स्कूल में एक छात्रा को प्रवेश से वर्जित करने और परिजनों से दुर्व्यवहार किये जाने की शिकायत प्रशासन से हुई है। शिक्षा विभाग की जांच में यह मामला बिल्कुल उल्टा सामने आया। मामले की फाइल बंद कर दी गई है।

देवरमाल में किशोर पब्लिक स्कूल के संचालक को लेकर अमित पटेल ने शिकायत की थी कि नर्सरी में पढ़ने वाली उसकी पुत्री आराध्या को स्कूल वाहन की सुविधा अकारण बंद कर दी गई। इस मामले में बात करने गई आराध्या की मां से दुर्व्यवहार करने की भी शिकायत शिक्षा अधिकारी के पास की गई। मामले में जांच के लिए देवरमाल के हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य को आदेशित किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर उपाध्याय ने बताया कि मामले की जांच कराई गई है। रिपोर्ट भी सामने आ गई। पता चला है कि बालिका के परिजनों ने तीन महीने से स्कूल बस का शुल्क अदा नहीं किया जिस पर सुविधा बंद की गई। इसके बाद से शिकायत का सिलसिला शुरू हो गया।

## शिविर कल से, बताया जाएगा बीमारियों का इलाज

**कोरबा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कोरबा में निशुल्क दो दिवसीय पंचतत्व चिकित्सा शिविर 29 एवं 30 जून को विश्व सद्भावना भवन दूरदर्शन केंद्र के सामने टीपी नगर कोरबा में लगाया जा रहा है। इस शिविर में स्पेशल चिकित्सक पंचगव्य सिद्ध डॉक्टर धीरेंद्र कुमार यादव एवं मार्गदर्शक आचार्य बृजमनी शास्त्री के द्वारा चिकित्सा दी जाएगी। इस शिविर के आयोजक है कामता गौशाला एवं पंचगव्य अनुसंधान केंद्र, खरौद नगर जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़. यह शिविर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के सौजन्य से लगाया जा रहा है. इस शिविर में हर बीमारी का इलाज बताया जाएगा।

# बालको के 250 कर्मियों ने शिविर में किया रक्तदान

**कोरबा।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कोरबा के जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बालको अस्पताल में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में कंपनी के कर्मचारी एवं उनके परिवारजन, व्यावसायिक साझेदार और समुदाय के सदस्यों ने हिस्सा लिया। लोगों के संयुक्त प्रयासों के परिणामस्वरूप कोरबा जिले में एक दिन में 250 यूनिट से अधिक जीवन रक्षक रक्त एकत्र किए गये।

विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर कंपनी द्वारा आयोजित एक दिवसीय मेगा रक्तदान शिविर कोरबा जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से बालको अस्पताल के विशेषज्ञ डॉक्टरों और नर्सों के देखरेख में संचालित किया गया। समर्पित चिकित्सा कर्मचारियों ने शिविर के दौरान रक्त संग्रह के लिए तकनीकी सहायता प्रदान करने के साथ ही रक्तदान प्रक्रिया और इसके लाभ के बारे में स्वयंसेवकों के बीच व्यापक जागरूकता पैदा करने में भी मदद की। सावधानीपूर्वक स्क्रीनिंग और जांच के बाद एकत्रित रक्त को कोरबा के सरकारी मेडिकल कॉलेज के रक्त बैंक में संग्रहीत किया गया। जरूरतमंद लोगों को ब्लड यूनिट नि:शुल्क प्रदान की जाएंगी।



थैलेसीमिया, सिकल सेल, कैंसर, सड़क यातायात दुर्घटनाओं, गर्भवती माताओं और हीमोफिलिया वाले व्यक्तियों के इलाज के लिए उनकी रक्त आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने कहा कि हमने चिकित्सा संबंधी चुनौतियों की एक विस्तृत समझ के साथ सभी लिंग एवं आयु समूह के कल्याण को संबोधित करने के लिए तैयार की गई विविध पहलों के माध्यम से समुदाय के स्वास्थ्य को लगातार प्राथमिकता दी है। रक्तदान अभियान के दौरान समुदाय की सामूहिक प्रतिक्रिया को देखना सुखद है जिससे रक्त बैंक के भंडार को बढ़ाने में महत्वपूर्ण मदद मिली है। इस प्रयास ने आपातकालीन रक्त आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए चिकित्सा ढांचे को मजबूत किया है और अनगिनत लोगों की जान बचाई है।

बालको के प्रयास की सराहना करते हुए कोरबा के मुख्य स्वास्थ्य और चिकित्सा अधिकारी एस. एन. केसरी ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है और 250 से अधिक लोगों का रक्तदान कराना वास्तव में एक उल्लेखनीय प्रयास है। मैं प्रत्येक रक्तदाता को उनके निस्वार्थ कार्य के लिए बधाई देता हूँ। उदारता का यह कार्य हमारे समुदाय में अनगिनत लोगों की जान बचाने में मदद करेगा जिससे कई परिवारों को इसका लाभ मिलेगा।

बालको का मेगा रक्तदान शिविर जीवन रक्षक ब्लड यूनिट को एकत्रित करने में सफल रहा। सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र के माध्यम से उनके योगदान को सराहा गया। इसका उद्देश्य उनके निस्वार्थ कार्यों का सम्मान करना और प्रोत्साहन प्रदान करना था।

बालको समुदाय की भलाई में योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत पूरे वर्ष कई स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित करता है। वित्तवर्ष 2024 में 1.35 लाख से अधिक लोगों के जीवन को को लाभ पहुंचाया है। कंपनी अपने आरोग्य परियोजना के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य पहल का संचालन करता है।

स्वास्थ्य पोस्ट (आरएचपी) के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच सुनिश्चित कर रहा है। साथ ही एचआईवी, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और कुपोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता अभियान चलाता है। परियोजना ने वित्तीय वर्ष 2024 में लगभग 50,000 लोग लाभान्वित हुए हैं। कंपनी अपने मोबाइल हेल्थ वैन (एमएचवी) के माध्यम से क्षेत्र में 'उपचार आपके दरवाजे' थीम पर लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को सुलभ बनाया है जो हर 15 दिनों में क्षेत्र का दौरा करती है। वित्तीय वर्ष 2024 में लगभग 15,500 से अधिक नागरिक लाभान्वित हो चुके हैं। कंपनी त्रैमासिक मेगा स्वास्थ्य शिविर और जागरूकता आयोजित करता है जो टीकाकरण, स्वच्छता प्रथाओं और समग्र स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देते हैं। नई किरण परियोजना के तहत बालको ने कोरबा के 45 गांवों में जागरूकता के माध्यम से 57,000 से अधिक लोगों को माहवारी के दौरान स्वच्छ प्रथाओं के बारे में जागरूक किया है।

बालको मेडिकल सेंटर 170 बिस्तरों का अत्याधुनिक कैंसर उपचार केंद्र है। देश में कैंसर उपचार के क्षेत्र में यह अग्रणी केंद्र के रूप में स्थापित है। वर्ष 2018 में केंद्र के उद्घाटन के बाद लगभग 38,500 पीड़ितों को विभिन्न विशेषज्ञों ने उपचार मुहैया कराए हैं।

100 आधुनिक बेड से युक्त बालको अस्पताल कंपनी के कर्मचारियों एव उनके परिवारजन और विभिन्न जिलों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करता है। विशेषज्ञों की टीम है जिसमें सामान्य चिकित्सक, फिजियोथेरेपिस्ट, दंत चिकित्सक, नेत्र रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, रेडियोलॉजिस्ट, एनेस्थेसियोलॉजिस्ट, स्त्री रोग विशेषज्ञ और आर्थोपेडिक सर्जन के साथ 09 विजिटिंग कंसल्टेंट शामिल हैं। इसे 14 रेजिडेंट मेडिकल ऑफिसर, 60 नर्स और 113 स्टाफ सदस्यों का समर्थन प्राप्त है। नियमित जांच शिविर, जागरूकता शिविर आयोजित करने के साथ ही आयुष्मान भारत और राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान के साथ ही सरकार द्वारा निर्धारित समस्त टीकाकरण कार्यक्रमों का अनुसरण बालको अस्पताल में किया जाता है। बालको अस्पताल छत्तीसगढ़ के कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर और जांजगीर चांपा जिलों से हर साल 2 लाख 10 हजार से अधिक रोगियों को सेवा प्रदान कर रही है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com